## संक्षिप्त खबरें ।

### पुलिस ने मंडल के आधार से 190 लीटर महुआ शराब के साथ बाइक सवार सहित बाइक मलिक को किया गिरफ्तार



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**
सिरदला पुलिस ने ऊपरडिह पंचायत के मंडल बधार के रोड से 190 लीटर महुआ शराब के साथ एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया है। तथा मोटरसाइकिल मलिक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान लौंन्द गांव निवासी सत्येंद्र पासवान के पुत्र बताया गया है। तथा मोटरसाइकिल मलिक की पहचान हमजा देवपाल गांव निवासी सहदेव चौधरी के पुत्र कृष्ण चौधरी बताया गया है। जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 254/24 शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

### 14 दिसम्बर की लोक अदालत में ऋणधारक लाभ उठावें

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज बाजार के थाना चौक पर अवस्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक राजेश कुमार एवं भारतीय स्टेट बैंक वारिसलीगंज के शाखा प्रबंधक राजीव रंजन कुमार ने बताया कि कृषि से संबंधित केसीसी ऋण एवं उपकरण ऋण बहुत ही पुराना सैकड़ों मामले का नोटिस ऋऋण धारक को दिया जा रहा है।हम एवं बैंक कर्मचारियों भी घर पर जाकर समझाकर बुझाकर अधिक से अधिक ऋऋण धारको 14 दिसम्बर को लोक अदालत में उपस्थित होकर बैंक समझौता करने के लिए तैयार है। प्रखंड के लोग खासकर ऋण धारको से अपील है कि अधिक से अधिक प्रतिशतों में माफ करवाकर इसका लाभ उठावें ।

### वारिसलीगंज : बंशीधर व्रजवासी की जीत पर शिक्षकों में खुशी

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज क्षेत्र में पहले नियोजित टीचर एवं शिक्षक संघ के नेता के नाम से बंशीधर व्रजवासी को लोग जानते थे,लेकिन विहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक क्षेत्र के उप चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ऐतिहासिक जीत से प्रखंड के शिक्षकों में काफी खुशी है। उक्त वाते प्रखंड शिक्षक संघ के अध्यक्ष शम्भु सिंह,राजेश कुमार,जयंत कुमार,पंकज कुमार,अरविंद कुमार,ललितेश्वर शर्मा ने कहा अध्यक्ष श्री सिंह ने कहे कि विहार के तमाम राजनीतिक दलों के बड़े बड़े नेताओ को औकात बता दिया। शिक्षक शिक्षा जव जाग जाएगा तो भ्रष्ट और भ्रष्टाचार को मिटाकर रहेगा। बंशीधर व्रजवासी की जीत तमाम विहार के शिक्षकों की जीत है।

### मारपीट मामले की प्राथमिकी दर्ज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मीरचक गांव में पूर्व के विवाद को लेकर सोमवार को हुए मारपीट की घटना से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। ग्रामीण सालों पंडित की पत्नी शकीला देवी के आवेदन पर दर्ज मामले में गांव के ही रामबचन नूनिया,राजकुमार समेत अन्य अज्ञात को आरोपित बनाया गया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात में जुट गई है।

# नवादा : डीएपी की कमी से वारिसलीगंज के किसान परेशान, खरीद रहे महंगा उर्वरक

**लोकतंत्र की आवाज**

**बिस्कोमान में यूरिया है,पर सात दिसम्बर को डीएपी समाप्त हो गया**



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** जिले में धान का कटोरा के रूप में अपनी पहचान रखने वाले वारिसलीगंज क्षेत्र के किसान अपने खेतों में बड़े पैमाने पर धान के बाद गेहूं की खेती करते हैं। जिसके लिए बुआई के समय यूरिया के साथ-साथ डीएपी की मांग बढ़ जाती है।पिछले चार दिनों से बिस्कोमान में डीएपी उपलब्ध नहीं है। जिस कारण किसान बाजार से महंगी डीएपी खरीदने को विवश हो रहे हैं। क्षेत्र के सभी खेतों में कोई वैकल्पिक खेती नहीं होने के कारण किसान सभी खेतों में गेहूं की फसल लगाते हैं। जिसके लिए किसानों को कम से कम पांच हजार बैग डीएपी उर्वरक की आवश्यकता है। लेकिन सरकार द्वारा संचालित बिस्कोमान में कम डीएपी उपलब्ध कराई जाती है। जिस कारण बुआई के समय उर्वरक की किल्लत हो जाती है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक बिस्कोमान में मात्र 1500 वैग डीएपी एवं पीपीएस उर्वरक उपलब्ध हो पाई है। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों से धान और गेहूं की बुआई के समय उर्वरक की भारी किल्लत हुआ करती थी। जिस कारण परेशान किसानों द्वारा सड़क जाम और आंदोलन भी किया जा चुका है। लेकिन इस वर्ष गेहूं की बुआई के समय यूरिया के साथ-साथ कम मात्रा में डीएपी विस्कोमन में उपलब्ध रहा। लेकिन पिछले चार दिनों से डीएपी नहीं है। अब जबकि खेतों से लगभग धान की कटनी हो चुकी है। तब किसान बड़े पैमाने पर गेहूं की बुआई करने में जुट गए हैं। लेकिन विस्कोमान में डीएपी उर्वरक की अनुपलब्धता है। चीनी मिल बन्द होने के बाद क्षेत्र के किसान गन्ना की जगह खरीफ एवं रबी फसलों की बुआई करते हैं।

**बाजार में दिख रहे डीएपी नकली है या असली पहचान कर पाना मुश्किल:** बिस्कोमान में मिलने वाला डीएपी के असली होने की लगभग गारंटी किसान मानते हैं। जबकि बाजार में महंगी कीमत पर बिक रहे डीएपी नकली है या असली इसकी कोई गारंटी नहीं है।वारिसलीगंज में नकली डीएपी का निर्माण का कार्य बड़े पैमाने पर किया जाता है।जिसका पहचान कर पाना मुश्किल होता है। जानकारों के अनुसार बाजार में बिक रहे डीएपी आधा से अधिक नकली है। इसलिए क्षेत्र के जागरूक किसान बाजार से डीएपी खरीदने के बजाय फास्फेट डालना ज्यादा लाभकारी समझते हैं। किसान कहते हैं कि जब किसानों को उर्वरक की आवश्यकता पड़ती है। तब बिस्कोमान में खाद समाप्त हो जाता है। फलस्वरूप किसानों को बाजार की दुकानों से मनमाने कीमत पर नकली खाद खरीदना पड़ता है।

**क्या कहते हैं अधिकारी:** बीते 27 नबम्बर को वारिसलीगंज प्रखण्ड को 1500 वैग डीएपी मिला था, जिसे पिछले 07 दिसंबर तक वितरण किया गया। जब पुनः आबंवंटन प्राप्त होगा तो वितरण किया जाएगा। विस्कोमान के पास फिलहाल यूरिया उपलब्ध है।

# रोबोटिक कंपटीशन से लौटने पर विधायक अरुणा देवी ने किया छात्रों को सम्मानित



**लोक तंत्र की आवाज**

**काशीचक(नवादा)।** इंदौर में आयोजित रोबोटिक कंपटीशन में सफल विद्यार्थी यों के शाहपुर लौटने पर क्षेत्रीय विधायक अरुणा देवी ने छात्रों को माल्यार्पण कर किया स्वागत । मालूम हो कि इंदौर में आयोजित रोबोटिक कंपटीशन में ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल का छात्र प्रथम एवं द्वितीय प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। मौके पर क्षेत्रीय विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से दुनियाभर में रोबोटिक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआइ के बारे में बहुत चर्चा हो रही है । इसे कंप्यूटर से तुलना करना संभव है । कंप्यूटर को भी शुरुआत में तकनीकी विशेषज्ञों के उपयोग का साधन माना जाता था। हालांकि, यह सुविधा उस समय ही महत्वपूर्ण होती है जब हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हम केवल उपयुक्त और मान्यता प्राप्त स्त्रोतों की पढ़ाई कर रहे हैं. इसलिए, छात्रों को अच्छी पढ़ाई की आदत अपनानी चाहिए और सोचने पर विचार करने चाहिए कि उन्हें क्या पढ़ना चाहिए । असली शिक्षा तब होती है जब छात्र उच्च गुणवत्ता वाले विद्यार्थी बन जाते हैं ।और वे जीवन भर सीखने की प्रवृत्ति बनाये रखते हैं । अच्छी शिक्षा उन्हें उन ज्ञान और कौशल का संघटन करने की सामर्थ्य प्रदान करती है जिनका वे अपने जीवन और कैरियर के अवसरों में सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को भी धन्यवाद करते हुए कहा की इस तरह की शिक्षा आसपास के कई जिलों में उपलब्ध नहीं है लेकिन छोटे से इस कसबाई बाजार में रोबोटिक से लेकर एआई तकनीक तक की शिक्षा उपलब्ध कराना एक गर्व की बात है । उन्होंने बच्चों को हौसला बढ़ाते हुए आगे बढ़ने का आशीर्वाद दी। मौके पर निदेशक प्रिंस शर्मा,सचिव श्रवण शर्मा, प्राचार्य जितेन्द्र भाटिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कौआकोल : छात्रावास के बच्चों के बीच गर्म कपड़ा का वितरण



**लोक तंत्र की आवाज**

**कौआकोल(नवादा)।** प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट परिसर में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र आवासीय छात्रावास के बच्चों के बीच गुरुवार को गर्म कपड़ा व ऊनी वस्त्र का वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए बापू इंटर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य व छात्रावास के संचालक अजय कुमार ने बताया कि ठंढ से बचाव को लेकर छात्रावास में अध्यनरत बच्चों के बीच गर्म पोशाक,इनर थर्मोकोट,मफलर आदि का वितरण किया गया। ताकि छात्रावास में रह रहे छात्र ठंढ से अपना बचाव कर सके। मौके पर वार्डन रतन कुमार,शिक्षक रामबालक पंडित,विपिन कुमार,रात्रि प्रहरी निरंजन कुमार,राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# शेखपुरा का चर्चित नाटो साव हत्या कांड का एसपी ने किया खुलासा,चार आरोपी गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**



शेखपुरा में हुई नाटो साव हत्या कांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। इस मामले में चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। मृतक नाटो साव एक थोक सब्जी विक्रेता था, जो हर रोज रात को अपने घर लौटता था। उसके पास लगभग 50 से 70 हजार रुपये रहते थे, जो वह अपने व्यापार से कमाता था। अपराधियों ने उसकी हत्या करने के बाद उक्त राशि लूटने की योजना बनाई थी।पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि हत्या का मकसद सिर्फ लूटपाट था। अपराधियों ने पूरी वारदात को बेहद चतुराई से अंजाम दिया था। पुलिस ने इस मामले में अपनी गहन जांच प्रक्रिया शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों, गवाहों और संदिग्धों के आधार पर अपराधियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान हत्या के पीछे का कारण और योजना का खुलासा किया।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अपराध पूरी तरह से योजनाबद्ध था, जिसमें अपराधियों ने नाटो साव को उसकी दैनिक आमदनी और रुपयों के चलते निशाना बनाया। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई थी, लेकिन अब अपराधियों की गिरफ्तारी से स्थानीय लोग राहत महसूस कर रहे हैं। पुलिस इस मामले की और भी गहराई से जांच कर रही है, ताकि अन्य अपराधियों की पहचान हो सके और उन्हें भी पकड़ा जा सके। पुलिस की कार्रवाई से यह संदेश जाता है कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग है और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शेखपुरा पुलिस की इस तत्परता और सूझबूझ ने मामले का शीघ्र समाधान किया और इलाके में सुरक्षा का माहौल बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बिहारशरीफ : विक्रम कुमार कांड से संबंधित एक लिखित आवेदन नालंदा आरक्षी अधीक्षक को सौपा गया

**लोक तंत्र की आवाज**



**बिहारशरीफ।** विक्रम कुमार कांड से संबंधित एक लिखित आवेदन आरक्षी अधीक्षक नालंदा को सौपा गया। इस अवसर पर पार्वती देवी ने बताया कि हमारा पुत्र विक्रम कुमार को वेन प्रखंड सह थाना के अंतर्गत बारा गांव निवासी बिट्टू कुमार पिता अनिल चौधरी ने बाराती के बहाने पटना के बेगमपुर ले गया और वहां से जहानाबाद जिला के नगमा गांव ले गया जहां मेरा पुत्र का मोबाइल चोरी हो गया। काफी खोजबीन कर मोबाइल नहीं मिला और पुणः पटना सिटी के बेगमपुर आ गया, इसी बीच जहानाबाद जिला के नगमा गांव से मेरे पुत्र के मोबाइल से फोन आता है कि आपका मोबाइल मिल गया है, आ कर अपना मोबाइल ले जाइए, तब मेरा पुत्र विक्रांत कुमार अपना मोबाइल लाने जहानाबाद जिला के नगमा गांव चला जाता है और वहां से अभी तक मेरा पुत्र विक्रांत कुमार घर लौटकर वापस नहीं आया है। अशंका है कि मेरा पुत्र को अपराह्न कर किसी गुप्त जगह पर छुपा दिया गया है और पैसे की मांग कर रहा है।

इस मौके पर अति पिछड़ा/ दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष सह संस्थापक बलराम दास ने संयुक्त रूप से कहा कि पीड़िता पार्वती देवी के पुत्र को जिला प्रशासन एक्शन लेते हुए तत्काल खोजबीन कर विक्रम कुमार को सकुशल उसके परिजनों को सुपूत करें। नहीं तो प्रशासन के खिलाफ सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस कांड से संबंधित एक लिखित आवेदन 15/7/24 को बाईपास थाना (पटना) को दिया गया है, जिसका कांड संख्या 339/24 है, लेकिन बाईपास थाना (पटना) के द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, उल्टे पीड़िता को डांट फटकार कर भगा दिया जाता है। इस मौके पर अति पिछड़ा/ दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के जिला महासचिव उमेश पंडित जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद सनी कुमार वाल्मीकि दास आदि लोग उपस्थित थे।

# शिव मन्दिर जीर्णोद्धार व खंडित शिवलिंग को हटाने को लेकर पूजा व रुद्राभिषेक

**लोक तंत्र की आवाज**



**कौआकोल(नवादा )।** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय मुख्यालय परिसर अवस्थित शिव मंदिर में गुरुवार को खंडित शिवलिंग को हटाने एवं मन्दिर जीर्णोद्धार को लेकर विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस दरम्यान पंडित कुन्दन पराशर की देखरेख में व चार ब्राह्मणों की मौजूदगी में पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक कर भगवान शिव की आराधना की गई। यजमान की भूमिका स्थानीय ग्रामीण रौशन कुमार सोनु ने निभाई। उन्होंने बताया कि शिव मंदिर में विराजमान शिवलिंग किसी कारणवश खंडित हो गया था। जिसके बाद कौआकोल सीओ मनीष कुमार के पहल पर मन्दिर जीर्णोद्धार एवं शिव लिंग के स्थापना को लेकर प्रयास किया गया। इसी कड़ी में गुरुवार को पंडित कुंदन पराशर की देखरेख में खंडित शिवलिंग को हटाने को लेकर पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक किया गया। उन्होंने बताया कि मन्दिर जीर्णोद्धार हो जाने का बाद 30 जनवरी से 03 फरवरी के बीच शिवलिंग ,माता पार्वती,भगवान गणेश,कार्तिक आदि देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। जिसको लेकर पांच दिनों तक यज्ञ,हवन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# शेखपुरा में मुख्य मंत्री नीतीश कुमार की संभावित महिला संवाद यात्रा की तैयारी में जुटा डीएम, स्थल चयन को लेकर गांव का कर रहे है भ्रमण

**लोकतंत्र की आवाज**

शेखपुरा जिला में मुख्य मंत्री नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा की संभावना को लेकर डीएम ने तैयारी शुरू कर दी है।डीएम द्वारा बरबीघा प्रखंड के सर्वा एवं चेवारा प्रखंड के छठियारा पंचायत में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वन का जमीनी स्तर पर जांच करने हेतु औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा उक्त दोनो पंचायत में चयनित खेल मैदान का जायजा लिया गया।वहां बन रहे बास्केटबॉल एवं बैडमिंटन कोर्ट, रनिंग एवं हाईजंप ट्रैक के कार्यों को देखा गया एवं आवश्यक निर्देश देते हुए कहे कि मैदान को आकर्षक एवं दर्शकों के बैठने के लिए सुलभ बनाये जाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि धीरे धीरे अपना भारत भी खेल के क्षेत्र में विश्व में एक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है । बिहार में भी खेल को कैरियर बनाने का जुनून लोगो में बढ़ रहा है । जिसके मद्देनजर सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर उच्च कोटि का खेल मैदान बनाने का निर्णय लिया गया है । शेखपुरा जिला अंतर्गत भी पंचायत स्तर पर तेजी से खेल मैदान के निर्माण कार्य कराया जा रहा है । जिससे कि यहां के खिलाड़ियों को बहुत ही सुविधा होगी। इस वर्ष कुछ महीने पहले ही जिला एवं राज्य स्तरीय खेलो का सफल आयोजन कराया जा चुका है। शीघ्र ही शेखपुरा जिला खेल के क्षेत्र में एक नया कृतिमान स्थापित करेगा ।उन्होने इसके साथ उनके द्वारा सर्वा पंचायत में निर्माणाधीन पंचायत



सरकार भवन का भी निरीक्षण किए,तथा शीघ्र ही उसे पूर्ण करने का निर्देश दिए। पंचायत सरकार भवन के बनने से लोगो को अब पंचायत स्तर पर ही सरकार की विभिन्न सेवाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही इससे लोकल सेल्फ गवर्नमेंट के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा । इस अवसर पर जिला पदाधिकारी महोदय के साथ श्री सियाराम सिंह,अपर समाहर्ता ,श्री संजय कुमार , उप विकास आयुक्त शेखपुरा सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित अन्य प्रखंडस्तरीय पदाधिकारीगण इत्यादि उपस्थित थे।

# पुलिस ने छापेमारी कर देसी-विदेशी शराब किया जब्त महिला सहित तीन कारोबारी गिरफ्तार,दो बाइक जब्त

**लोकतंत्र की आवाज**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मंगलवार को छापेमारी कर 60 लीटर देशी विदेशी शराब जब्त कर थाना लाया गया।इस क्रम में दो बाइक को जब्त किया गया। साथ ही महिला संग तीन कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया।सभी मामलों में अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है।पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के सकरी नदी मिल्की घाट के पास गैलन में रखा 30 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया। बताया कि पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी मौके से फरार होने में सफल हो गए। बाद में पुलिस द्वारा शराब कारोबार में जुटे मंजौर गांव के संजीव कुमार तथा गड़ेडियाबीघा ग्रामीण तौसीफ अंसारी उर्फ गोलू को आरोपी बनाया है। जबकि बल्लोपुर गांव से एक घर के पीछे से 10 लीटर देशी शराब जब्त किया गया। इस मामले में धर्मेंद्र चौधरी की पत्नी आजादी देवी को आरोपी बनाया गया है।वहीं वारिसलीगंज वाईपास रोड स्थित चंदन चौक के पास पुलिस द्वारा की जा रही वाहन चेकिंग के क्रम में 10 लीटर विदेशी शराब के साथ एक वाइक को जब्त किया गया। बताया गया कि वाहन चेकिंग के दौरान एक वाइक पर सवार दो लोगो को रोका गया। इस क्रम में थैला व वाइक छोड़ दोनों युवक भाग खड़े हुए। जांच के क्रम में थैले में रखा रॉयल चैलेंज तथा ब्लैकडॉट नामक दस लीटर विदेशी शराब पाया गया।जिसे वाइक के साथ जब्त कर थाना लाया गया। जबकि स्थानीय बाजार के पोस्टआफिस गली के पास से बिक्री के लिए अन्यत्र ले जाया जा रहा 10 लीटर देशी शराब के साथ एक महिला संग तीन कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। मौके पर एक वाइक को भी जब्त कर थाना लाया गया। पुलिस ने बताया कि कारोबार में जुटे थाना क्षेत्र के जयंत नगर निवासी शिवा कुमार एवं अमृत कुमार के अलावा बाजार के पोस्टआफिस गली निवासी विजय साव की पत्नी खुशबू देवी को गिरफ्तार किया गया है।सभी मामलों की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की करवाई में जुटी है।

## संक्षिप्त खबरें

### लखनऊ : कांग्रेस के भविष्य पर नए सवाल, राहुल और प्रियंका की बढ़ेंगी मुश्किलें



रत्ना

**लखनऊ।** कांग्रेस ने बड़ी संख्या में महिला उम्मीदवार भी उतारे पर जोरदार प्रचार अभियान के बावजूद कांग्रेस 402 में से मात्र दो विधानसभा सीटें ही जीत पाई। कांग्रेस का मत प्रतिशत भी ढाई प्रतिशत के आसपास रहा। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की हालत लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन से सुधरती दिखी पर हाल के नौ विधानसभा उपचुनाव में सपा ने उसके लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी। राजस्थान से राज्यसभा पहुंचने से पहले सोनिया गांधी रायबरेली से ही लोकसभा चुनाव जीतती रहीं। उनसे पहले पति राजीव गांधी रायबरेली का प्रतिनिधित्व करते रहे। फिरोज गांधी और इंदिरा गांधी भी रायबरेली से लोकसभा के लिए चुने जाते रहे। सोनिया गांधी द्वारा इस बार संसद जाने के लिए राज्यसभा का रास्ता चुने जाने के बाद अटकलें थीं कि राहुल वायनाड और अपनी पुरानी सीट अमेठी से लड़ेंगे, जबकि प्रियंका रायबरेली से अपनी संसदीय राजनीति की शुरुआत करेंगी, लेकिन कांग्रेस ने चौंकाने वाला निर्णय लिया। परिवार और पार्टी के निष्ठावान किशोरी लाल शर्मा को अमेठी से स्मृति इरानी के विरुद्ध चुनाव में उतारा, जबकि राहुल के लिए अपेक्षाकृत सुरक्षित रायबरेली को चुना। कांग्रेस का दांव सफल भी रहा। रायबरेली से राहुल तो जीत ही गए, किशोरी लाल ने भी अमेठी से स्मृति इरानी को हरा कर सबको चौंका दिया। राहुल और किशोरी लाल, दोनों के चुनाव प्रचार और प्रबंधन की कमान प्रियंका गांधी ही संभालती नजर आई थीं।

### हरिद्वार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 50000 का ईनामी बदमाश पकड़ा



रिपोर्ट मुकेश सिंह

उत्तराखंड जनपद हरिद्वार कोतवाली – रानीपुर जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड हरिद्वार पुलिस ने रळ्क्रदेहरादून के साथ मिलकर 02 माह पूर्व रात्रि गश्त में तैनात होम गार्ड के सर पर लोहे की रोड से जानलेवा हमला करने वाले को पकड़कर भेजा जेल दिनांक 14/15–10–2024 रात्रि गश्त के दौरान हेड कांस्टेबल कुंदन व होमगार्ड विक्रम द्वारा संदिग्ध प्रतीत होने पर एक ई रिक्शा व स्कूटी सवार को पूछताछ हेतु रोका गया था जिनको थाने लेकर जाने को कहने पर इन बदमाशों द्वारा मौका मिलते ही छुपाकर रखी गई लोहे की रोड से चुपके से पुलिस जवानों पर जानलेवा हमला कर दिया मौके से भाग गए। लगातार फरार रहने पर एसएसपी हरिद्वार द्वारा उपरोक्त आरोपी अंशुल पर 25000 का ईनाम घोषित किया गया था जिसको कुछ समय बाद आईजी गढ़वाल द्वारा बढ़ाकर पचास हजार (50000) का कर दिया गया था।

### गन्ना क्रय केन्द्र परिवर्तित नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

**हल्दौर।** गांव बाटपुरा में किसानों द्वारा बिलाई चीनी मिल की जगह अन्य मिल का गन्ना क्रय केंद्र लगवाने को लेकर चौथे दिन भी धरना जारी रहा। गांव बाटपुरा में बुधवार को भी किसानों द्वारा गन्ना सेंटर परिवर्तन कराएं जाने को लेकर बेमियादी धरना प्रदर्शन जारी रहा है। किसान नेता रोहित तोमर का कहना है कि बिलाई चीनी मिल के स्थान पर दूसरी चीनी मिल का क्रय केंद्र परिवर्तन कराने को लेकर किसान कड़ाके की ठंड में धरने में बैठे हुए है। उन्होने कहा कि बाटपुरा क्रय केन्द्र मिल गेट क्षेत्र से बाहर है। इस क्रय केन्द्र से मिल किराया भी अधिक लेता है। उन्होंने कहा कि शासन व प्रशासन द्वारा क्रय केंद्र शीघ्र परिवर्तन नहीं किया गया, तो रणनीति तय कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। इस अवसर पर राहुल सिंह, जितेंद्र राणा, राजेंद्र सिंह, अभिषेक, अंकुल कुमार, रावेंद्र सिंह, जगदेव, ब्रजपाल, सत्यपाल, रवि, टीकम, छोटन सिंह आदि मौजूद रहे।

# हरिद्वार जिलाधिकारी के छापेमारी से विभिन्न कार्यालय में अनुपस्थित 31 कर्मचारीयों को कारण बताओं नोटिस सरकारी दफ्तरो में मचा हडकंप

लोकतंत्र की आवाज

**फाइलों को सही से सुरक्षित रखने तथा कार्यालय में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश**



रिपोर्ट मुकेश सिंह

हरिद्वार जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न कार्यालयों में अचानक की गई छापेमारी से सरकारी दफ्तरों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम बुधवार को प्रातः 10:10 बजे सिंचाई विभाग कार्यालय में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सिचाई अभियंता सहित 13 कार्मिक अनुपस्थित पाए गये। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा पूर्वाह्न 10:20 बजे जल संस्थान कार्यालय में की गई छापेमारी के दौरान 03 सहायक अभियंता तथा 06 अपर सहायक अभियंता सहित 10 कार्मिक तथा आउट सोर्स से तैनात 04 कार्मिक अनुपस्थित पाए गये तथा जिलाधिकारी द्वारा फील्ड कर्मचारियों से सम्बंधित भ्रमण पंजिका मांगे जाने पर कोई भी भ्रमण पंजिका नहीं दिखा पाए। जिलाधिकारी ने कार्यालय के बाहर पुरानी फाइलों का रख-रखाव सही ढंग से न होने तथा फाईलों पर धूल जमा होने व शौचालयों तथा कार्यालय की सफाई व्यवस्था सही न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए फाइलों को सही से सुरक्षित रखने तथा कार्यालय में सफाई व्यवस्था पर विशेश ध्यान देने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा 10.30 बजे ऋशिकुल विद्यापीठ ब्रहमचर्याश्रम संस्कृत विद्यालय निरीक्षण के दौरान 01 सहायक अध्यापक अनुपस्थित मिले तथा ऋशिकुल विद्यापीठ ब्रहमचर्याश्रम संस्कृत महाविद्यालय में 04 सहायक अध्यापक अनुपस्थित पाए गये। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में गन्दगी मिलने एवं सफाई व्यवस्था

ठीक न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यालय परिसर में नियमित रूप से साफ सफाई रखने एवं सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी दिन पुनः निरीक्षण किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने जनपद में तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आदेश दिये कि कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी अवकाश स्वीकृत कराये बिना कार्यालय से अनुपस्थित नहीं रहेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने हेतु भविष्य में भी समय- समय पर औचक निरीक्षण किये जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य वैयक्तिक अधिकारी सुदेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# बिजनौर घर से तीन किलोमीटर दूर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का अर्द्धजला शव



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

स्योहारा रामगंगा पुल के पास युवक का अर्द्धजला शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बृहस्पतिवार की सुबह थाना क्षेत्र के ग्राम मुकरपुरी निवासी 32 वर्षीय मिंटू पुत्र राम सिंह सैनी का अधजला शव गांव से तीन किलोमीटर दूर रामगंगा पुल के पास मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान व परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छल, सीओ धामपुर सरवन सिंह व थाना प्रभारी अमित कुमार मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल द्वारा शव को कब्जे में ले लिया गया। शव के पास मृतक मिंटू का मोबाइल फोन, पूजा का सामान, भगवान की फोटो, अधजले कपडे, पैंट का डिब्बा मिला है। परिजनों का कहना है कि मिंटू सुबह तीन बजे तक गया और घर से दूर उसका जला हुआ शव मिला है। फिल्ड यूनिट द्वारा साक्ष्य एकत्र किये जा रहे है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छल का कहना है कि रामगंगा के पुल के पास मिंटू सैनी का अधजला शव मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। बाद वह घर से लापता का हो मृतक मिंटू सैनी के परिजनों का कहना है कि मिंटू की पहली पत्नी उसको छोड़ कर चली गई थी। जिसके बाद मिंटू ने डेढ़ वर्ष पूर्व दूसरी शादी कर ली थी। लगभग एक महापूर्व मिंटू की दूसरी पत्नी भी उसको छोड़कर चली गई। जिसके बाद में बह परेशान रहने लगा।

# मीरापुर में दोबारा हो सकता है विधानसभा उपचुनाव

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट आसमीन सलमानी

आरएलडी विधायक मिथलेश पाल की बढ़ी मुश्किलें, 5 साल पुराने केस में कोर्ट ने तय किए आरोप राष्ट्रीय लोक दल की मीरापुर से नवनिर्वाचित विधायक मिथलेश पाल की मुश्किलें बढ़ती दिखाई पड़ रही हैं. पांच साल पुराने मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में विधायक मिथलेश पाल और 14 अन्य लोगों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं. उनके खिलाफ दंगा भड़काने, बंधक बनाने सहित आरोप तय किए गए हैं. विधायक मिथलेश पाल और अन्य 14 लोग शुक्रवार को विशेष सांसद-विधायक अदालत में यातायात बाधित करने के एक मामले में पेश हुए. अदालत ने इस मामले की सुनवाई की अगली तिथि 03 जनवरी 2025 तय की है। अदालत के सूत्रों ने बताया कि विशेष जस्टिस देवेंद्र सिंह फौजदार ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड सहिंता आइपीसी की धारा 147 (दंगा), 148 (घातक हथियारों के साथ दंगा करना) और 342 (बंधक बनाना) के तहत आरोप तय किए. अदालत ने इस मामले की सुनवाई की अगली तिथि 03 जनवरी 2025 तय की है. मिथलेश पाल के वकील किरणपाल ने कहा कि सिविल लाइंस थाने में 25 फरवरी 2019 को विधायक समेत 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# बिजनौर: गूगल मैप ने भटकाया रास्ता, पोल से टकराई बाइक, एक दोस्त की मौत और दूसरा घायल

लोकतंत्र की आवाज़



रिपोर्ट जसवीर सिंह

उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर की तहसील एक भयानक हादसा हो गया धामपुर में कोतवाली रोड पर मोड़ का पता न लगने पर बाइक सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गई। बाइक चालक नाजिर की मौत हो गई और पीछे बैठा अमन घायल हो गया। दिल्ली से अपने घर धामपुर लौट रहे युवकों का गूगल मैप ने रास्ता भटका दिया। जिससे वे कोतवाली रोड पर पहुंच गए और मोड़ का पता न लग पाने के कारण उनकी बाइक बैनर के पोल से जा टकराई। घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। घटना से परिजनों में शोक व्याप्त हो गया।धामपुर के मोहल्ला बंदूकचियान निवासी नाजिर (24) पुत्र नासिर और अमन (22) पुत्र मुमताज अहमद दिल्ली में रहकर एल्युमिनियम की फ्रेमिंग का कार्य करते थे। बुधवार को वे बाइक से दिल्ली से अपने घर आ रहे थे। देर शाम नहटौर पहुंचे तो रास्ता भटककर कोतवाली रोड पर चले गए। कोतवाली रोड पर पड़ने वाले मोड़ का पता न लगने पर उनकी बाइक सीधे जाकर सड़क किनारे लगे बोर्ड के पोल से टकरा गई। बाइक चालक नाजिर और पीछे बैठा अमन घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने नाजिर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। कानूनी कार्रवाई से मना करने पर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं अमन की हालत सही बताई जा रही है। घटना से परिवार में शोक व्याप्त है।

**ये बोला घायल दोस्तः** घटना में घायल हुए अमन ने बताया कि वे गूगल मैप से रास्ता ट्रेस करते हुए धामपुर जा रहे थे। नहटौर में गूगल मैप ने रास्ता भटका दिया, जिससे वे धामपुर रोड के स्थान पर कोतवाली रोड पर चले गए और टक्कर हो गई। अगर गूगल मैप ने रास्ता न भटकाया होता तो शायद नाजिर की जान न जाती।

# देहरादून में पुलिस और बदमाश की मुठभेड़ फायरिंग में हिस्ट्रीशीटर के पैर में लगी गोली आरोपी पर 14 मुकदमे दर्ज

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट राजेंद्र चौहान

देहरादून देर रात पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई है। देहात क्षेत्र के मांडूवाला में पुलिस चेकिंग अभियान में जुटी हुई थी। इस दौरान एक पल्सर सवार व्यक्ति को रोका गया। लेकिन वह रुकने के बजाय भागने लगा।जिस पर पुलिस को शक हुआ और बदमाश का पीछा किया। इस दौरान हुई फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने बदमाश को इलाज के लिए प्रेम नगर अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना लगभग 1:00 की बताई जा रही है, जब एसएसपी के निर्देश पर देहात क्षेत्र के मांडूवाला में पुलिस चेकिंग अभियान कर रही थी, इसी बीच पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस को भारी पड़ता देख बदमाश मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस ने चेकिंग अभियान जारी रखा और सेलाकुई थाना क्षेत्र के भाऊवाला में पुलिस की बदमाशी के साथ फिर से मुठभेड़ हुई। इस दौरान फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लग गई।सूचना मिलते ही एसएसपी अजय सिंह भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। जिसमें पता चला कि मुठभेड़ में घायल बदमाश थाना क्लेमेंटाउन का हिस्ट्रीशीटर है। जिस पर गैंगस्टर समेत कई संगीन अपराध दर्ज है। बदमाश की पहचान लक्ष्मण सिंह रावत उर्फ लकी पुत्र विजय सिंह रावत निवासी गोकुलधाम थाना क्लेमेंटटाउन देहरादून हुई है। बदमाश पर चोरी, नकब्जानी, एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर, अनैतिक देह व्यापार समेत कुल 14 अभियोग भी दर्ज है। मुठभेड़ के दौरान बदमाश से पल्सर मोटरसाइकिल 280 और 315 बोर का देसी तमंचा और खोखा कारतूस बरामद हुए है।

दरअसल, देर रात एसएसपी अजय सिंह ने घंटाघर पर थाना प्रभारी और सीओ के साथ मीटिंग की। इसी दौरान एसएसपी ने सभी को सघन चेकिंग अभियान चला जाने के निर्देश दिए। एसएसपी के निर्देश पर शहर समेत देहात क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला जा रहा था। इस दौरान मांडूवाला में चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार बदमाश चेकिंग को देखकर भागने लगा। पुलिस के रोकने पर उसने फायर किया और बाइक से फरार हो गया। जिसका पुलिस ने पीछा किया और उसे भाऊवाला में दबोच लिया।

# अतुल सुभाष सुसाइड केस के बीच उच्चन्यायलय की अहम टिप्पणी, पत्नी निशा सिंघानिया के लिए बनेगी संजीवनी ?

लोक तंत्र की आवाज



रत्ना

अतुल सुभाष सुसाइड केस एआई इंजीनियर अतुल सुभाष के आत्महत्या के मामले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है और इसके बाद पुरुषों के उत्पीड़न को लेकर एक बहस शुरू हो गई है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह के एक मामले की सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है जो कि अतुल की पत्नी निशा और उसके परिवार वालों के लिए मददगार साबित हो सकती है। कोर्ट ने कहा है कि इसके लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उकसाने के स्पष्ट सबूत होने चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और पीबी वराले की पीठ ने गुजरात हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें एक महिला को कथित रूप से परेशान करने और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उसके पति और ससुराल पक्ष के लोगों को दोषमुक्त करने से इनकार कर दिया गया था। हाल ही में बेंगलुरु के 34 वर्षीय इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले के मद्देनजर कोर्ट की ये टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। गौरतलब है कि अतुल ने अपनी पत्नी और उसके परिवार के सदस्यों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसके बाद पत्नी निकिता सिंघानिया, उसकी मां निशा, पिता अनुराग और चाचा सुशील के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था।

# बिजनौर क्षेत्र में गुलदार देखे जाने से लोगों में भय व्याप्त, पिंजरा लगवाने की मांग

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट मुकेश सिंह

**किरतपुर।** कुछ दिन पूर्व से क्षेत्र के गांव उमरी में आबादी के आसपास तो कभी आबादी से कुछ मीटर दूरी पर गुलदार देखे जाना चर्चाओं में है। अवगत कराने के बाद भी वन विभाग कोई शुद्ध लेने के लिए तैयार नहीं है जिससे साफ होता है कि वन विभाग किसी घटना का इंतजार कर रहा है। बुधवार को क्षेत्र के गांव उमरी निवासी किसान विजयपाल सैनी अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी व पुत्र मोनू सैनी के साथ गांव से एक किमी कि दूरी पर अपनी खेती में संबंधित कार्य कर रहा था। इस बीच उन्हें गुलदार होने की आहट हुई। विजयपाल ने जब चंद कदमों की दूरी पर देखा तो उन्हें एक काफी बड़ा गुलदार का बच्चा दिखाई दिया। यह देख वह घबरा गए और उन्होंने अपने पुत्र मोनू सैनी को आवाज लगाई मोनू सैनी ने कुछ दूरी से उक्त गुलदार के बच्चे का वीडियो मोबाइल में कैद कर लिया। उक्त मामले की जानकारी उन्होंने गांव में दी तो गांव से कुछ लोग जंगल पहुंचे तथा इकट्ठा होकर गुलदार को देखने पहुंचे। लेकिन तब तक गुलदार का बच्चा वहां से फरार हो गया था। लोगों का दावा है कि जब गुलदार का बच्चा वहां पर दिखाई दिया है तो मादीन गुलदार वहीं कहीं आसपास में ही है। वहीं स्थानीय लोगों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार पकड़वाने की मांग की है। बता दे कि क्षेत्र के गांव उमरी में पूर्व में कई बार गांव के आसपास गुलदार देखा जा चुका है। जिसका समाचार कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित भी किया गया है। जिसकी जानकारी वन विभाग के दरोगा नीतीश कुमार को दी गई है। लेकिन वन विभाग दरोगा नीतीश कुमार झूठे आश्वासन देते रहते हैं। जिससे साफ होता है कि वन विभाग किसी घटना के इंतजार में है। इस संबंध में आज जब हमने वन विभाग दरोगा नीतीश कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि वहां के कुछ लोगों को इस संबंध में एक एप्लीकेशन लिखकर रेंज ऑफिस नजीबाबाद में देनी होगी। उसके उन्होंने बताया कि पास के ही गांव बाहुपूरा में पिंजरा रखा हुआ है वहां से पिंजरा उठवा ले हम वहां पर पहुंच कर पिंजरे को सेट कर देंगे।

# मुझे अपना चेहरा छिपाना पड़ता है...' संसद में नितिन गडकरी ने क्यों कहा ऐसा ?

लोक तंत्र की आवाज



रत्ना

**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में जानकारी दी कि देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में 1.78 लाख लोगों की जान जाती है और 60% पीड़ित 18-34 वर्ष की आयु के होते हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं सड़क दुर्घटनाओं पर चर्चा करने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में हिस्सा लेते हूं तो मैं अपना चेहरा छिपाने की दौरान एक सप्लीमेंट्री प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय मंत्री ने यह कहा। इसके बाद तमिलनाडु में 18,000 से अधिक लोगों की मौत हुई हैं। महाराष्ट्र में यह आंकड़ा 15,000 से अधिक है, इसके बाद मध्य प्रदेश में 13,000 से अधिक मौत हुई हैं। शहरों की बात करें तो दिल्ली में सालाना 1,400 से अधिक लोगों की मौत सड़क दुर्घटना में होती है। इसके बाद बेंगलुरु में 915 मौत हुई। शहरों में दिल्ली सालाना 1,400 से अधिक मौतों के साथ चार्ट में सबसे आगे है, इसके बाद 915 मौतों के साथ बेंगलुरु है। गडकरी ने कहा कि कई ट्रक लेन अनुशासन का पालन नहीं करते हैं, जिसकी वजह से हादसे हुए थे।

# साहेबगंज जिला स्थापना समिति और अनुकम्पा समिति की बैठक संपन्न

## साहेबगंज उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकंपा समिति की बैठक की गई





लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** बैठक में उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों को एक-एक कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। दस्तावेजों में शामिल आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की गहन जांच कर पर्याप्त कागजातों वाले आठ आवेदक जिनका दस्तावेज सही पाया गया है। उन आठ आवेदकों को अनुकंपा के आधार पर जल्द नियुक्ति पत्र माननीय मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के हाथों देने हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही शेष आवेदक जिनके दस्तावेज में कमी पाई गई है। उसको पूर्ण करते हुए अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया। स्थापना की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों का पदस्थापन, स्थानांतरण नहीं किया गया है। वैसे लिपिक संवर्ग के कर्मियों के आवश्यकता को देखते हुए नियमानुसार पदस्थापन, स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति शीघ्र करने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

- जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 19 मामलों को रखा गया

## संक्षिप्त खबरें ।

### नवगृह प्रवेश के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता हुए एकत्रित



लोकतंत्र की आबाज
दिलीपकुमार ठाकुर
खानपुर/समस्तीपुर। प्रखंड मे जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी नंदन कुमार चौधरी हसनपुर के पैतृक निवास स्थान पर नव गृह प्रवेश के शुभ अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मो अबू तमीम ने शुभकामनायें दी है। मौक़े पर जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र नरायण झा महामंत्री शंभू चौधरी खानपुर प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुमार महतो शिवाजीनगर प्रखंड अध्यक्ष नंद कुमार चौधरी उपाध्यक्ष खानपुर शंभू चौधरी भानपुर श्रीपुरगाहर पंचायत अध्यक्ष राम कुमार चौधरी अंजनी मिश्रा अवधेश चौधरी कैलाश चौधरी पत्रकार दिलीपकुमार ठाकुर सहित कई कांग्रेसी उपस्थित रहे है।

### खानपुरः अभियुक्त को भेजा जेल



लोकतंत्र की आबाज
खानपुर/समस्तीपुर। थाना कांड संख्या 275/24 के गिरफ्तार अभियुक्त सचिन कुमार पिता राधा प्रसाद यादव ग्राम सिमराहा थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को उचित मार्गरक्षी दल के साथ सरकारी वाहन से माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन कराने भेजा गया क़ी पुस्टि थानाध्यक्ष मनोजकुमार सिंह ने क़ी है।

### वारिसनगरः वारंटी को भेजा जेल



लोकतंत्र की आबाज
वारिसनगर/समस्तीपुर। मथुरापुर थाना पुलिस पिटीसी राजुकुमार यादव द्वारा बीती रात्रि वारंटी दिनेश राम पेसर लखन राम साकिन बेगमपुर थाना मथुरापुर जिला समस्तीपुर को उसके घर से गिरफ्त मे ले माननीय न्यायलय मे उपस्थापन वास्ते भेजा गया क़ी पुस्टि थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने क़ी है।

### विक्रमशिला महोत्सव की तैयारी जोरो पर

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती/कहलगांव। विक्रमशिला महोत्सव की तैयारी जोर पकड़ चुका है ।विक्रमशिला महोत्सव तैयारी हेतु आज 87 कलाकारों ने अपना ऑडियंस दिया है इन 87 कलाकारों के ऑडिसन दिया है। निरीक्षण के बाद कलाकारों को महोत्सव में शामिल होने की सूचना दी जाएगी। इसके अलावे अनुमंडल के विद्यालय के छात्रों /छात्राओं का भी चयन होना है ।इसके लिए छात्रों का भी उनके प्रस्तुति के बारे में जानकारी ली गई ।कौन से छात्र क्या प्रस्तुत करेंगे । इसके लिए विद्यालय को सूचना भेजी जा रही हैं। छात्रों का भी ऑडिशन होना है ।इस बारे में भी चर्चा हुई।

### थानाध्यक्ष राहुल ठाकुर के अगवाई में दो एनबीडब्ल्यू वारंटी को किया गया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। नवगछिया पुलिस जिला अंतर्गत बुधवार देर रात गुप्त सूचना के आधार पर बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर के अगवाई में विशेष छापेमारी में अरसंडी गांव से दो एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार किया गया ।थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया की गिरफ़्तार अभियूक्त थाना क्षेत्र के अरसंडी गांव निवासी राजो मंडल पिता वोथड़ी मंडल एवं बाले मंडल पिता जनार्दन मंडल बताया गया। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने कहा कि गिरफ्तार दोनो अभियूक्त को गुरुवार के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच के बाद जेल भेज दिया गया।

# जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय का किया निरीक्षण



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** भागलपुर के जिला शिक्षा पदाधिकारी ने किया पीरपैंती क्षेत्र का दौरा ।हरिन कोल पंचायत स्थित स्थित हीरानंद मध्य विद्यालय का किया निरीक्षण। निरीक्षण के क्रम में अधिकारी ने विद्यालय के शिक्षक उपस्थिति पंजी, सहित मिड डे मील पंजी की भी जांच की। विद्यालय की हालत और स्थिति भी देखें ।विद्यालय के अन्य संबंध में शिक्षकों से पूछताछ किया ।विद्यालय के चार दिवारी निर्माण के संबंध में भी उन्होंने शिक्षकों से पूछताछ की । शिक्षकों को कुछ सुझाव भी दिया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# जल जमाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष बरकत खान एवं नगर पंचायत के ईओ दीपक कुमार ने स्थल का जायजा लिया

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**

**बरहरवा।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या 02 के प्रोफेसर कॉलोनी में हो रहे जल जमाव की समस्या के समाधान हेतु कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान एवं बरहरवा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार अपने पूरे टीम के साथ प्रोफेसर कॉलोनी पहुंचकर स्थल का जायजा लिया, तथा जूनियर इंजीनियर मोहित कुमार को निर्देश दिया कि सड़क एवं नाली का मापी करके सही तरीके से प्राक्कलन तैयार करे, जिससे भविष्य में सड़क के ऊपर जल जमा ना हो तथा जल जमाव की समस्या से वार्ड वासियों को निजात मिल सके।

मौके पर सहकारिता विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष शहनवाज नासीर, प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार, सिटी मैनेजर देव जी, जूनियर इंजीनियर मोहित कुमार, रवि उरांव, अंकित कुमार, अंकित जी, टैक्स दरोगा मुकेश कुमार, महमूद आलम, रणजीत टुडू, अमीन जी मौजुद थे।

# पीरपैंती के हीरानंद मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया

लोकतन्त्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय हीरानंद में बृहस्पतिवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा के द्वारा निरीक्षण किया गया । जिसमें उन्होंने स्कूल की विभिन्न पुस्तिका, एमडीएम एवं विद्यालय के साफ सफाई का जायजा लिए ।वही बच्चों की उपस्थिति, साप्ताहिक फल में बच्चे को सर्दी के मौसम में केला देने एवं अंडा नहीं देने, विद्यालय के साफ सफाई को लेकर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका रीमा कुमार को फटकार लगाई।

विद्यालय में अनुपस्थित विद्यार्थियों की कमी को लेकर स्कूल में होने वाले साप्ताहिक अभिभावक मीटिंग को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया । साथ ही क्लास रूम में जाकर बच्चों से उनके पढ़ाई लिखाई समेत मध्यान भोजन को लेकर जानकारी ली। हाल ही के दिनों में उत्क्रमित इंटरस्तरीय विद्यालय धनपाल टोला में हुए विवाद को लेकर उन्होंने बताया कि जांच चल रही है। कोई भी दोषी व्यक्ति पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी । किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

# घायल पूर्व वार्ड पार्षद पति से हाल चाल जानने पहुंचे प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**

**बरहरवा।** प्रखण्ड अंतर्गत बरहरवा नगर पंचायत में वार्ड संख्या 03 के हरिजनपाड़ा वार्ड पति से मिलकर प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार ने उनका हाल जाना।

वार्ड संख्या 03 के पूर्व वार्ड पार्षद शबीना बीबी के पति फारूक शेख उर्फ बेचन की कुछ दिनों पहले मां का देहांत हो गया था उसी क्रम में बेचन बांस की चचरी बनाने के लिए बांस काटने गया था इसी क्रम में बांस कटर छिटक कर उनके पैरों में जा कर लगा जिसके उपरांत उसका पैर बुरी तरह से घायल हो गया आनन फानन में लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा ले जाया गया जिसमें उसे इलाज के दौरान उसके पैरों में 25 टांके लगे।खबर सुनते ही प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार उनसे मिलने उनके घर पर पहुंचे एवं उनका हाल चाल जाना । इलाज जारी है तथा पहले से बहुत सुधार है। मौके पर प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार, पूर्व वार्ड पार्षद शबीना बीबी, मुसर्रफ हसनैन, प्रियरंजन दास, सतीफ सेख सहित अन्य मौजूद थे।

# मानवाधिकार, लोकायुक्त आयोग कार्यालय से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**

**साहेबगंज** । जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ में विभिन्न संस्थानों में नियुक्त व्यक्तियों के चरित्र सत्यापन मानवाधिकार, लोकायुक्त आयोग कार्यालय से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक की।

राष्ट्रीय मानव अधिकार से संबंधित प्राप्त मामला 44 बताई गई जिनमें कल निष्पादित मामले 33 एवं लंबित मामले 07 है। उपायुक्त ने तत्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभाग को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया । लोकायुक्त से संबंधित प्राप्त मामला 55 बताए गए जिसमें कुल निष्पादित मामले 54 है, लंबित मामलों की संख्या 01 हैं, जिसमें संबंधित विभाग से प्रतिवेदन प्राप्त किया जा रहा है।

चरित्र एवं पूर्ववृत हेतु प्राप्त मामले 459 बताए गए जिनमें कुल निष्पादित मामले 362 रही लंबित मामलों में 103 है जिनमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय साहिबगंज से जांच प्रतिवेदन प्राप्त किया जा रहा है। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा व अन्य उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, लघु उद्यमी योजना के तहत उद्यमियों को चयन के पश्चात दिया गया चेक

लोकतंत्र की आबाज




**समस्तीपुर।** समाहरणालय सभागार समस्तीपुर मे मुख्यमंत्री उद्यमी योजना एवं लघु उद्यमी योजना के तहत विभिन्न उद्यमियों के चयन के पश्चात प्रथम एवं द्वितीय किस्त के चेक का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन प्रभारी जिलाधिकारी अजय कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा चयनित तभी उद्यमियों को उनके उद्यम की सफलता हेतु शुभकामना दी गई तथा उद्यमिता के कुछ सूक्ष्म पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए ईमानदारी एवं मेहनत पूर्वक अपने उद्यम को न सिर्फ जिला स्तर बल्कि पूरे बिहार एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने हेतु प्रयास करने का हौसला आफजाई किया गया।

आज जिन उद्यमियों का चयन किया गया तथा द्वितीय किस्त के रूप में जिनको एक लाख की राशि दी गई उनके नाम निम्न प्रकार हैं- लक्ष्मी पासवान, अदहनु पासवान, राजेश राय, रणजीत ठाकुर ,सतीश कुमार, ज्ञान चंद्र शाह ,महेश कुमार, अजीत शर्मा, चांदनी कुमारी, अनिल कुमार, विकास कुमार ,कोमल कुमारी संतोष कुमार ठाकुर, अमरदीप कुमार, पप्पू राय ,राहुल कुमार, ललन साहनी ,अजीत कुमार मिश्रा ,मोहम्मद अरमान साबरी, फूल कुमारी ,रोशन कुमार और कविता कुमारी इनको द्वितीय किस्त के रूप में एक लाख रुपए की राशि प्रदान की गई जबकि अजयकांत कुमार को द्वितीय किस्त के रूप में 5 लाख ,सुभाष कुमार को 5 लाख, रजनी कुमारी को 475000 , दिनेश महतो को 2.5 लाख जबकि मोहम्मद अशफाक, संजय कुमार, विभा कुमारी ,अमित कुमार और दीपक कुमार को ₹200000 तथा बृजनंदन कुमार को ₹50000 की राशि का चेक प्रदान किया गया मौके पर उद्योग महाप्रबंधक विवेक कुमार शर्मा , जिला नजारत उप समाहर्ता रजनीश कुमार राय, सहायक आयुक्त राज्य कर दिव्यप्रकाश तथा सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा आकाश कुमार एवं अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी तथा उद्यमी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### घनश्यामपुर : झुका प्रशासन मानी बात



मुरारी झा

घनश्यामपुर प्रखंड मुख्यालय पर तीन दिनों से मिथिलावादी पार्टी अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल मंगलवार को सम्मान देते हुऐ घनश्यामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार सर्किल ऑफिसर पवन साहू थानाध्यक्ष अजित कुमार और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नागेंद्र कुमार सीएचसी प्रभारी बंदना कुमारी सहित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के साथ सकारात्मक वार्ता कर तमाम मांगो पर लिखित आश्वस्थान दिया गया है । मिथिलवादी पार्टी जिला प्रभारी संजय झा जी ने कहा हमारी 15 सूत्री मांगो को प्रखंड प्रशासन ने स्वीकार किया और प्रखंड के तमाम जनता को इसका लाभ होगा यह जनता कि जीत है।वही धरना स्थल पर पार्टी के रास्ट्रीय अध्यक्ष अभिनाश भारद्वाज ने कहा हमारा प्रयास है संपूर्ण मिथिला का ईमानदारी से विकास होना चाहिए अनशन कारी जुगनू मंडल ने कहा अगर हमारी मांगो को जमीन पर नहीं उतारा गया तो आगे हमलोग उग्र आंदोलन करेंगे ।मौके पर गौतम झा चंदन यादव लक्ष्मण अजय झा राघव झा फरीद अभिषेक सदरे आलम दर्जनों पार्टी कार्यकर्त्ता महजूद रहे ।।

### मोतिहारीः पताही पुलिस ने 50 लोगों के घर चिपकाया इस्तेहार फ़ोटो पताही में आरोपी के घर इस्तिहार चस्पाते अपर थानाध्यक्ष।



ब्यूरो चीफ मोतिहारी

पूर्वी चंपारणः जिले के पताही, थाना क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांव में पुलिस द्वारा 50 लोगों के घर इस्तेहार चस्का कर तामिला कराया गया। थानाध्यक्ष कैलास कुमार के नेतृत्व में अपर थानाध्यक्ष संजय चौधरी द्वारा थाना क्षेत्र के पताही, रामपुर मनोरथ, बड़ाशंकर महमदपुर, कोदरिया सहित आधा दर्जन गांव में 50 लोगों के इस्तेहार को उनके घर पर चस्का तामिला कराया गया। वहीं थानाध्यक्ष कैलास कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के आधा दर्जन गांव में 50 लोगों के घर इस्तेहार चस्का तामिला कराया गया है।

### मोतिहारीः महिला थाना अध्यक्ष एवं समाज कल्याण विभाग के साथ मिलकर लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान लड़कियों को जागरूक करना ही मुख्य उद्देश्य।



ब्यूरो चीफ मोतिहारी

मोतिहारीः पूर्वी चम्पारण पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर मोतिहारी महिला थाना अध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी के द्वारा समाज कल्याण विभाग के साथ मिलकर लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता अभियान को गति दी जा रही है। इसमें छात्राओं द्वारा पैदल मार्च निकाल कर नारे लगाए जा रहे हैं। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य लड़के-लड़की के बीच भेदभाव को समाप्त कर लड़कियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना ही लक्ष्य है। इस कार्यक्रम के मौके पर कई पदाधिकारी मौजूद थें।

## बगहाःएसएसबी 65 वाहिनी बेतिया द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत टूर गाइड,इको टूरिज़्म और होम स्टे प्रशिक्षण का हुआ समापन समारोह

लोकतंत्र की आवाज

**10 दिवसीय टूर गाइड,इको टूरिज़्म और होम स्टे प्रशिक्षण का समापन समारोह**



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा ।** 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 30 ग्रामीण बेरोजगार युवकों एवं युवतियों के लिए 10 दिवसीय टूर गाइड,इको टूरिज़्म और होम स्टे प्रशिक्षण का समापन समारोह नंदन सिंह मेहरा कमांडेंट 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया के उपस्थिती मे किया गया।इस कार्यक्रम में हरनाटांड़ तथा आस-पास गाँव के 30 युवकों एवं युवतियों को चयनित कर उन्हे हरनाटाड़ के सामुदायिक भवन के प्रांगण मे यह प्रशिक्षण दिया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाल्मीकिनगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा मुख्य अतिथि ने कहा की सशस्त्र सीमा बल द्वारा किया गया यह कार्य सराहनीय कार्य के लिए 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का आभार प्रकट किए और साथ ही कहे,इस तरह के प्रशिक्षण से थारु समाज के लोगों का विकास होगा।साथ ही भविष्य में और भी ऐसे प्रशिक्षण वाले कार्यक्रम को करने के लिए 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल से आग्रह किए।कमांडेंट महोदय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य का अभिवादन किया गया।उसके बाद सभी प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण के बारे में प्रतिक्रिया लिया गया और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनायें दिया गया।यह प्रशिक्षण ब्रजीना फाउंडेसन के सहयोग से चलाया गया,जिसमे भाग लेने वाले युवकों एवं युवतियों को टूर गाइड,इको टूरिज़्म और होम स्टे प्रशिक्षण दिया गया।इस प्रशिक्षण से स्थानीय युवक एवं युवती स्वावलंबी बनेंगे तथा अपने विकास के साथ साथ इस क्षेत्र और देश का भी विकास कर पाएंगे।इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बढ़ते पर्यटकों को ध्यान में रखते हुये ग्रामीण लोगों का बौद्धिक विकास करना है जिससे जीविका के साधन उपलब्ध हो सके।इस वाहिनी के द्वारा बहुत से कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।इसके अलावा वाहिनी के द्वारा आगामी दिनो मे और भी कल्याणी कार्यक्रम कराए जाएंगे।इस कार्यक्रम के अवसर पर कमांडेंट द्वारा आयोजित होने वाले बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ,ग्रामीण बालिकाओं को सीएपीएफ मे भर्ती होने से संबन्धित दिशानिर्देशों से भी भालिभांति अवगत कराया गया।इस कार्यक्रम के समापन समारोह मे धीरेंद्र प्रताप सिंह विधायक वाल्मीकिनगर,नंदन सिंह मेहरा कमांडेंट 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया,कोजा राम लोमरोड़ द्वितीय कमान अधिकारी डा. शारदा प्रसाद,बौद्धिक विचार मंच,अध्यक्ष,महेश्वर काजी,जिला अध्यक्ष,अनुसूचित जनजाति,दीपेन्द्र जायसवाल मुखिया हरनाटांड़,हरेन्द्र प्रसाद मुखिया बलुआ पंचायत,संजय खटईत,राष्ट्रीय बाघ संरक्षण अधिकरण सदस्य,दीप नारायण,भारतीय थारु कल्याण महासंघ मिस तन्वी शुक्ल,मुख्य संचालक अधिकारी ब्राजीना फाउंडेसन,नव प्रशिक्षु,ग्रामीण तथा सशस्त्र सीमा बल 65 वाहिनी के बलकर्मी उपस्थित थे।

## नगर की सफाई की व्यवस्था नई एजेंसी को सौंपी गई



लोकतंत्र की आज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

दास एंड कंपनी की ओर से सफाई कर्मियों को ठंड से बचाव को लेकर जैकेट का किया गया वितरण बगहा। नगर परिषद की सफाई व्यवस्था कर रहे एनजीओ आरईएस क्लीनिंग सॉल्यूशन की लगातार आ रही शिकायत के कारण व समय अवधि पूरा होने के उपरांत नगर परिषद प्रबंधन कर से मुक्त कर दिया है। अब उसके स्थान पर वार्ड 1 से 25 तक दास एंड कंपनी व 26 से 35 तक साज कंपनी को सफाई की सौंपी गई है। बतादें की पुर्व में 3280000 बत्तीस लाख अस्सी हज़ार में सफाई की जिम्मेदारी दी गई थी। कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा ने बताया कि लगातार आ रही शिकायत और समय सीमा पूरा होने के कारण पूर्व की एजेंसी को काम से हटाते हुए दो नई एजेंसियों को जवाब दे दी गई है। अब नगर की सफाई कर्मी एक ड्रेस में दिखेंगे इसको लेकर नगर परिषद की सफाई एजेंसी की ओर से सभी सफाई कर्मियों के बीच ब्लू कलर के जैकेट का वितरण किया गया है। यह वितरण परिषद कार्यालय में कैंप लगाकर सभी सफाई कर्मियों के बीच ठंड से बचाव को लेकर जैकेट उपलब्ध कराया गया है साथ ही साथ सफाई कर्मियों को पूरी मुस्तैदी के साथ नगर परिषद की सफाई व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया है। इस दौरान नगर परिषद सभापति पुष्पा गुप्ता उपसभापति रश्मि रंजन एवं उपसभापति प्रतिनिधि रवि शंकर प्रसाद सुमित नगर परिषद के सभी कर्मी मौजूद रहे

### मोतिहारी : अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक घायल,चल रहा इलाज,डुमरियाघाट थाना क्षेत्र की घटना,आरोपी चालक फरार




लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**मोतिहारी ।** डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। इसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं आसपास के लोगों ने उसे डुमरियाघाट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। युवक की पहचान डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासी 25 साल के सोनू कुमार के रूप में हुई है।घटना के संबंध में घायल सोनू के पिता ने बताया कि वह चौक पर गया था। चौक से घर आ रहा था, इस बीच अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। तभी इसकी सूचना हम लोगों को मिली। इसके बाद उसे लेकर मोतिहारी के सदर अस्पताल आएं। घटना के बाद

## मोतिहारी में 7 करोड़ की हेरोइन जब्त, ब्राउन सुगर बनाने वाला केमिकल भी बरामद, ठउइ और पुलिस की संयुक्त छापेमारी

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**पूर्वी चंपारण।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ शुरु हुए अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। गुरुवार को जिला पुलिस ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ मिलकर मादक पदार्थ के पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार तस्करों के पास से दो किलोग्राम हेरोइन और रामगढ़वा से ब्राउन सुगर बनाने वाला केमिकल बरामद हुआ है।बरामद मादक पदार्थ और केमिकल का अन्तरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग सात करोड़ रुपया बताया जा रहा है।एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि, जिला पुलिस और एनसीबी की संयुक्त कार्रवाई में ड्रग तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। पांच ड्रग तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं।इन ड्रग तस्करों के पास से लगभग दो किलोग्राम हेरोइन और ब्राउन सुगर बनाने वाला केमिकल बरामद हुआ है। पांचों तस्कर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।दो तस्करों को छतौनी थाना क्षेत्र से और तीन तस्करों को रामगढ़वा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार तस्करों में दो वैशाली जिला के और तीन रामगढ़वा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जब्त मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग सात करोड़ रुपये बतायी जा रही है। स्वर्ण प्रभात, एसपी, पूर्वी चंपारण मिली जानकारी के अनुसार एनसीबी और जिला पुलिस ने छतौनी थाना क्षेत्र से वैशाली के रहने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया. जिनसे पूछताछ के बाद पुलिस ने बैकवार्ड और फॉरवार्ड लिंकेज को स्थापित किया। गिरफ्तार तस्करों की निशानदेही पर पुलिस ने रामगढ़वा थाना क्षेत्र में छापेमारी की. छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में ब्राउन सुगर बनाने वाला केमिकल बरामद हुआ। वहीं तीन तस्कर रंजीत यादव, रुपेश यादव और सुरेश यादव को गिरफ्तार किया गया।

## मोतिहारीः चार पियक्कड़ व एक वारंटी को पकड़ पुलिस ने भेजा जेल, धंधेबाजों और शराबियों को पकड़ने के लिए पुलिस चला रही है मुहिम

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**पूर्वी चंपारण।** तुरकौलिया,थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर पुलिस पियक्कड़ों एवं वारंटियों को लगातार पकड़कर जेल भेज रही है। इसी कड़ी में 4 पियक्कड़ व एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। साथ ही बिना नंबर का एक बुलेट बाइक को भी जप्त किया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि चरगाहां में वाहन जांच किया जा रहा था। जहां बिना नंबर के बुलेट बाइक पर सवार व्रहमटोला के संतोष कुमार वर्मा व चरगाहां के रामायण सिंह को रोक कर कागजात की जांच किया जा रहा था। इसी दौरान इन दोनों के मुंह से शराब का दुर्गंध आ रहा था। जहां ब्रेथ एनलाइजर से जांच करने पर शराब पीने की पुष्टि होने पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। बुलेट भी जप्त किया गया। एसआई मंदन कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई। वही चरगाहां के नौशाद साई व बिजुलपुर के बसंत कुमार तुरकौलिया बाजार में हंगामा कर रहे थे। पुलिस गश्ती वाहन की जैसे ही इन पर नजर पड़ी तो हिरासत में लेकर ब्रेथ एनलाइजर से इनकी जांच की गई। इसके बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। एसआई रविरंजन कुमार ने स्वयं के बयान पर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। तों वही मथुरापुर के नारद पासवान को उसके घर से पकड़ा गया है। इसके विरुद्ध न्यालय से वारंट निर्गत था। जो वर्षों से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पकड़े गए पांचों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। साथ ही बुलेट बाइक को जप्त कर थाना पर लाया गया है। फरार चल रहें वारंटियों, विभिन्न कांडों में आरोपितों एवं शराब कारोबारियों और पियक्कड़ों को गिरफ्तार करने के लिए आगे भी छापेमारी जारी रहेगा।

## नाबालिग छात्रा का हुआ अपहरण प्राथमिकी दर्ज , 24 घंटा के अंदर पुलिस ने किया बरामद

लोकतंत्र कि आवाज



**मुरारी झा**

**घनश्यामपुर ।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर छात्रा के पिता संजीत कुमार पासवान ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें आरोप लगाया है कि छात्रा अपने गांव से ओंकार हाई स्कूल बिरौल पढ़ने रोज की तरह जाती थी वही सोमवार को स्कूल से पढ़कर अपने घर लौट कर आ रहा था इसी दौरान बगरहटा गांव निवासी लल्लू शेख के पुत्र मोहम्मद इमरोज ने उसे रास्ते में उसका अपहरण कर लिया है इससे पहले भी कई बार छेड़खानी किया था ।वही अपहरण युवती के पिता संजीत कुमार पासवान ने सोमवार को घनश्यामपुर थाना में मोहम्मद इमरोज, लल्लू शेख , अफरोज शेख, सुल्ताना खातून और अहमदी खातून के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया है कि अपहरण युवती के पिता के द्वारा घनश्यामपुर थाना में सोमवार को आवेदन दिया गया था आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया था जहां 24 घंटा के अंदर घनश्यामपुर पुलिस ने अपहण युवती के साथ युवक को लहेरियासराय से बरामद किया है आगे उन्होंने बताया है कि अपहरण करने वाले युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है आगे अग्रिम करवाई कि जा रही हैं ।

## एफआईआर दर्ज नहीं होने पर बैठे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

लोकतंत्र कि आवाज



**मुरारी झा**

**दरभंगा।** जिला के बहेरा थाना क्षेत्र में बीते 5 अक्टूबर को प्रमोद कुमार साहू, आदिल रहमान, चुन-चुन राम के साथ सुशील कुमार चौधरी, कृष्ण कुमार झा, सुमन कुमार साहू के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया था जिसके बाद 7 अक्टूबर को बहेड़ा थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन दिया गया था । जिस पर कोई कार्यवाही नहीं करने के कारण दिनांक 23 अक्टूबर को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक ,पुलिस महानिरीक्षक दरभंगा सहित जिलाधिकारी एवं आयुक्त को भी आवेदन दिया गया लेकिन आज तक एफआईआर दर्ज नहीं हुआ।प्रशासनिक असंवेदनशीलता से निराश होकर पीड़ित प्रमोद कुमार साहू दिनांक 25 नवम्बर को पुनः उपरोक्त सभी वरीय अधिकारी को एक आवेदन दिए कि अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस ( 10 दिसंबर )तक एफआईआर दर्ज नहीं हुआ तो 11 दिसंबर 2024 को दरभंगा पुलिस के असंवेदनशीलता के विरुद्ध धरणा स्थल, लहेरियासराय ,दरभंगा पर भूख हड़ताल करने के लिए मजबूर हो जाएँगे। वही 10 दिसंबर 24 तक न एफआईआर दर्ज नहीं हुआ ना ही किसी तरह का पत्राचार किया गया मजबूरन 11 दिसम्बर 24 समय 9 बजे सुबह से अपने संवैधानिक अधिकार हनन के विरुद्ध शान्तिपूर्ण अनिश्चितकालीन अनशन कार्यक्रम हेतु धरना स्थल लहेरियासराय पर बैठे हैं जहां मंगलवार को प्रशासनिक असंवेदनशीलता रवैया के कारण धरना स्थल पर मंडन करवाया ।

## पुलिस चौकी के समिप दिन दहाड़े दो युवकों कि हुई हत्या थाना प्रभारी के कार्य पर उठ रहे सवाल

लोकतंत्र की आवाज



**बेतिया।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आईं टी आई शांति चौक के पास बुधवार को दिन चार बजे दो युवकों को चाकू मार हत्या अपराधियों द्वारा कर दी गई और आमजन के तत्परता के कारण अपराध कर घटना को अंजाम देने वाली एक अपराधी मुन्ना खान को पकड़ जम कर पिटाई की जाती है बाद में पुलिस उसे इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया में इलाज के लिए भर्ती कराती है पर सवाल यह उठता है कि घटना स्थल के महज़ कुछ क़दम दुरी पर पुलिस चौकी है और अपराथीयो को इसका तनिक भी भय नहीं लगता है घटना कों पुलिस को खुली चुनौती दे दो लोगो को हत्या कर कर दिया जाता है ,वही मृतक मुन्ना कुमार एवं भिकोल कुमार पूर्वी करगहिया वार्ड 31 के निवासी हैं तथा मछली व्यवसाय का काम करते थे इस घटना से आम लोगों में तरह तरह कि चर्चाएं हो रही है लोगों का कहना है कि जब से नये थाना प्रभारी थाने का कमान सभाले है तब से इनके थाने क्षेत्र में शराब जैसे धंधा ,अपराधिक घटनाएं, चोरी जैसे धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है कुछ दिन पूर्व आई टी आई शिमा राय के घर में चोरों ने भिषण चोरी की थी परन्तु इसका उद्भेदन करने में पुलिस असफल रही वहीं सगिता देवी और उनकी बारह वर्षीय पुत्री को बेहरमी से पिटा गया और धटना के दस दिन से ऊपर बित जाने पर भी थाना प्रभारी द्वारा प्राथमिक दर्ज नहीं की गई सूत्रों की माने तो थाना प्रभारी किसी भी मामले में सही तरीके समाधान निकालने में असमर्थ दिखते हैं और आमजन आम नागरिक से सालिनिता पुर्व बात तो करते नहीं, बराबर हिटलर शाही अंदाज में बात करने कि इनकि आदतन रूप बन गया है अब देखना है कि इस घटना कों अंजाम देने वाले व्यक्तियों को पुलिस गिरफ्तार कर पातीं है कि नहीं लेकिन पुलिस दाधिकारियो पर कानूनी कार्रवाई सिथिल पड़ना अब आम बात हो गया है।वही लोगो का कहना है कि इस घटना को देख लोगो के मन में संसाय बना है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### शाहनवाज हुसैन का जन्मदिवस मनाया गया

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती।पीरपैंती स्थित प्रगति मैदान में पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया ।एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर पीरपैंती के पूर्व विधायक अमन कुमार पासवान, मुन्ना सिंह, पंकज सिंह, ऋषिकेश सिंह, चिंटू जायसवाल ,वरुण गोस्वामी, हेराम शर्मा ,अमरजीत भारती, सुनील पांडेय, दीपेंतेद्र बरनवाल,पुरुषोत्तम शर्मा, महमूद आलम ,संजय साह सुमन पांडे ,सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने एक दूसरे को केक खिलाकर धूमधाम से जन्म दिवस मनाया।

### किट ला स्कूल के डायरेक्टर द्वारा शीतल शांडिल्य को बेस्ट स्टूडेंट का सार्टिफिकेट



गया। भारत में एक स्थान रखने वाले किट ला स्कुल के द्वारा गया के टेकारी विधानसभा के कोंच की रहने वाली भाजपा के महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0 शालिनी एवं शिक्षाविद श्रवण नारायण शांडिल्य के पुत्री को किट ला स्कूल के अच्छे एटेंडेंस और अच्छे व्यवहार और डिस्पीलिन के कारण साल का वेस्ट स्टुडेंट का सार्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है।जिससे गर्व की बात है गया शहर और कोच प्रखंड के लिए। जिससे हर कोई मां–पिता को बधाई दे रहे हैं।

### राजद सुप्रीमो लालू यादव का ब्यान बिहार की महिलाओं का अपमान है :अवध बिहारी पटेल



लोकतंत्र की आवाज़

गया ।जदयू जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने बयान जारी कर कहा की राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रस्तावित महिला संवाद यात्रा पर दिया गया बयान बेहद शर्मनाक है। पटेल ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को हमेशा सम्मान करते हैं, बिहार में सरकारी नौकरी में 33% आरक्षण दिया है, पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50% आरक्षण देकर सम्मानित करने का काम किया है। राजद का चरित्र ही रहा है महिलाओं को अपमानित करने का, लालू यादव के इस बयान से बिहार की महिलाएं अपमानित महसूस कर रही है। लालू यादव के इस बयान से साफ पता चलता है की राजद का महिलाओं के प्रति सोच कितना घटिया है, उनको बिहार की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए, नहीं तो बिहार की महिलाएं 2025 के चुनाव में राजद को सबक सिखाने का काम करेगी।

### बिहार काला दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता आयोजित

समस्तीपुर। बिहार कारा दिवस के अवसर पर मंडल कारा समस्तीपुर में विभिन्न प्रतियोगिताओं वॉलीबॉल, कैरम बोर्ड, लूडो, पेंटिंग इत्यादि का आयोजन किया गया। कारा प्रशासन टीम एवं बंदी टीम के बीच वॉलीबाल मैच खेला गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी बंदी एवं कर्मचारी गण के बीच काफी उत्साह एवं आनंद देखा गया। प्रतियोगिता के पश्चात विजेता बंदियों तथा कारा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को मंडल काराधीक्षक के द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में एन जी ओ संघ बिहार के सचिव अधिवक्ता संजय कुमार बबलू , आशा सेवा संस्थान के संरक्षककेशव किशोर तथा संतोष कुमार निराला ने कारा दिवस के अवसर पर बंदियोको संबोधित किया। मंच का संचालन सहायक अधीक्षक रवि कुमार झा के द्वारा किया गया। उपाधीक्षक रामानुज कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

# दरभंगा आकाशवाणी को मैथिली भाषा का केंद्र घोषित कर यथावत रखी जाय :डा गोपाल जी ठाकुर

लोकतंत्र कि आवाज

**दरभंगा आकाशवाणी का प्रशासनिक केंद्र पटना किए जाने पर सांसद ने जताई आपत्ति**



**मुरारी झा**

**दरभंगा ।** मिथिला की हृदयस्थली दरभंगा में अवस्थित आकाशवाणी केन्द्र को यथावत रखने एवं मैथिली भाषा का केन्द्र घोषित कर इसके अस्तित्व को बनाए रखने के लिए दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने आज बुधवार को केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर अपनी बातें रखी तथा इस संदर्भ में एक ज्ञापन देकर विस्तार से चर्चा की। सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री को इस आकाशवाणी केंद्र कि महत्ता बताते हुए कहा कि मिथिला की साढ़े आठ करोड़ मैथिली भाषियों की आत्मा आकाशवाणी केन्द्र दरभंगा में बसती है। यह केन्द्र वर्ष 1976 से अब तक मैथिली भाषा के विकास,मिथिला संस्कृति का संरक्षण, मैथिली गीत–संगीत का संवर्धन करती आ रही है। लेकर कुछ दिन पूर्व आकाशवाणी केन्द्र दरभंगा की प्रशासनिक व्यवस्था आकाशवाणी केंद्र पटना के अधीन कर दी गई जो खेदजनक है।सांसद डा ठाकुर ने मंत्री को बताया कि प्रसार भारती आगामी माह से आकाशवाणी दरभंगा केंद्र को मात्र रिले केन्द्र बनाने जा रही है और जिसके फलस्वरूप यहाँ से अब कार्यक्रमों का प्रोडक्शन नहीं के बराबर होगा जो साढ़े आठ करोड़ मैथिली भाषियों के भावना को आहत करेगी।सांसद ने इस केंद्र की भौगोलिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आकाशवाणी दरभंगा केंद्र के प्रसारण क्षेत्र के अंतर्गत दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, सीतामढ़ी,शिवहर और बेगूसराय जिला समाहित है। मैथिली भाषा भारतीय संविधान की अष्टम अनुसूची में सम्मिलित एक संवैधानिक भाषा है इसके साथ ही मैथिली भाषा भारतीय लोक सेवा आयोग एवं विभिन्न राज्यों के लोकसेवा आयोग की परीक्षा के सिलेबस में शामिल है।विगत दिनों संविधान दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार ने भारतीय संविधान को माँ सीता की भाषा मैथिली भाषा में अनुवादित कर इसका विमोचन किया है इसीलिए इस केंद्र को यथावत बनाए खना ही श्रेयष्कर होगा।सांसद डा ठाकुर ने मंत्री वैष्णव को दरभंगा संसदीय क्षेत्र में 10 नए 4ॅ टावर लगाने का अनुरोध करते हुए कहा कि अन्य मोबाइल कंपनियों के महंगा होने के कारण आज भी सुदूर देहाती क्षेत्रों में इसकी प्रासंगिकता ज्यादा है इसलिए मुख्यालय से सत्तर अस्सी किलोमिटर दूर तक के लोगों को हो रही दिक्कतों के निदान के लिए तत्काल यह कदम उठाया जाय।

## शास्त्री नगर से बेलवानिया तक गंडक नदी पर पुल निर्माण को मिली मंजूरी



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा ।** विकास के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित हो गया है। वर्षों से लोगों की माँग को पूरा करते हुए, शास्त्री नगर से बेल वानिया तक गंडक नदी पर पुल निर्माण की महत्वाकांक्षी परियोजना को माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंजूरी प्रदान की है। इसकी जानकारी देते बगहा विधायक राम सिंह ने बताया कि पुल बगहा अनुमंडल के चार प्रखंडों–पिपरासी, भितहा, मधुबनी, और ठकराहा–सहित पुलिस जिला बगहा के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा। इस परियोजना से अनुमंडलों के बीच की दूरी लगभग 50 किलोमीटर तक कम हो जाएगी। यह पुल न केवल लोगों के आवागमन को आसान बनाएगा बल्कि व्यापार, रोजगार और पर्यटन को भी नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। इस परियोजना से क्षेत्र के लाखों लोगों को लाभ होगा। वाल्मीकि नगर टाइगर रिजर्व जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल पर आने–जाने वाले पर्यटकों को अब बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। साथ ही, यह पुल स्थानीय किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत के रूप में कार्य करेगा। इस ऐतिहासिक परियोजना को साकार करने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी का हृदय से आभार प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और विकास की गंगा हर गाँव तक के संकल्प को साकार करता है। क्षेत्रवासियों की इस समस्या को दूर करने के लिए मैं वर्षों से प्रयासरत था और इसमें मुझे बगहा के विधायक राम सिंह का भी सहयोग और समर्पण प्राप्त हुआ जिससे इस परियोजना को मूर्त रूप देने में आज हम कामयाब हुए हैं। मैं इस परियोजना को लेकर उनके उत्साह और प्रतिबद्धता की प्रशंसा करता हूँ। यह पुल न केवल एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है, बल्कि यह बगहा के लाखों लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को जोड़ने वाला एक सेतु भी है।इस मंजूरी के साथ हम सभी क्षेत्रवासियों के जीवन को आसान और उन्नत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ा चुके हैं। यह पुल हमारे क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के अवसरों को मजबूत करेगा। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि इस परियोजना को सफल बनाने में हम सब मिलकर अपना सहयोग दें। यह सफलता हमारी एकजुटता और विकास की आकांक्षा का परिणाम है।

## संघर्षमय रहा है अतुल सुभाष के पिता का जीवन




लोक तंत्र की आवाज

सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष के पिता पवन मोदी का जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा हैं। बाल्य काल में ही अपने माता–पिता के निधन के बाद पुसारोड बाजार के एक बड़े व्यवसायी सनेहीराम जो की पवन मोदी के रिश्तेदार भी थे। उन्होंने पूसा रोड में ही पवन मोदी को शरण दी। पवन मोदी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के मूल निवासी थे। बताया जाता है की पवन मोदी को पूसारोड लाने के बाद सनेहीराम ने उनसे छोटा सा व्यवसाय शुरू कराया। बाद में अपनी मेहनत और लगन की बदौलत पवन मोदी ने देखते ही देखते अपने व्यवसाय को काफी बढ़ा दिया। पवन मोदी के दो पुत्र हैं जिनमें से एक अतुल सुभाष तथा दूसरा पुत्र विकाश मोदी हैं जो दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में काम करता हैं। अतुल सुभाष की मृत्यु से पवन मोदी तथा उनकी पत्नी काफी गंभीर सदमे में है। उन्होंने अपने पुत्र को बड़े अरमान से पढ़ा लिखा कर इंजीनियर बनाया था। हालांकि नियति को कुछ और ही मंजूर था।

## टीचर्स ऑफ बिहार–द चेंज मेकर्स समूह का बिहार के सरकारी विद्यालयों की दशा और दिशा बदलने को लेकर बेहतरीन प्रयास टीचर्स ऑफ बिहार ने ठाना है। बिहार के सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक माहौल बनाना है

लोक तंत्र की आवाज




**पटना ।** टीचर्स ऑफ बिहार–द चेंज मेकर्स समूह विगत पांच वर्षों से सरकारी विद्यालय के शिक्षकों के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म साबित हुआ है और आगे भी बेहतर करने के लिए दृढ़संकल्पित है। बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी के रूप में यह समूह लगातार बेहतर करने के लिए दृढ़संकल्पित है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शैक्षिक बेहतरी के लिए शिक्षक, सरकार और शिक्षा से जुड़े तमाम हिताधिकारियों के द्वारा अनेकानेक प्रयास किये जा रहे हैं। विशेष रूप से शिक्षकों के द्वारा अनेक पहल, हस्तक्षेप और नवाचार किये जा रहे हैं। टीचर्स ऑफ बिहार एक ऐसा मंच है जो शिक्षकों एवं शिक्षा से जुड़े सभी लोगों के द्वारा किये जा रहे शैक्षिक प्रयासों को साझा करने, नवाचारों से सीखने और लागू करने का अवसर और पहचान प्रदान करता है। टीचर्स ऑफ बिहार शिक्षकों द्वारा, शिक्षकों के लिए एवं शिक्षकों का एक ऐसा अभिनव मंच है जो आपके सार्थक प्रयासों को पहचान और दिशा प्रदान करते हुए आपको और सभी को गौरवान्वित होने का अनेकानेक अवसर उपलब्ध कराने हेतु कृतसंकल्पित है। इस बेहतरीन प्लेटफॉर्म की शुरुआत पटना जिले के शिक्षक शिव कुमार ने कुछ अन्य शिक्षकों के साथ मिलकर सन् 2019 में की। दिन प्रतिदिन यह मंच विगत पांच वर्ष से बिहार के सरकारी विद्यालय के शिक्षकों के लिए उपयोगी साबित होता गया और आज इस मंच की सार्थकता इस बात का गवाह है की यहां बिहार के लाखों शिक्षक जुड़कर प्रतिदिन अपने विद्यालय में कराए जा रहे नवाचार, गतिविधि या अन्य शैक्षणिक कार्य साझा करते हैं जिसे अन्य शिक्षक प्रेरित होकर अपने विद्यालय में लागू करते है प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय ठाकुर एवं प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार ने बताया कि टीचर्स ऑफ बिहार ने ठाना है,बिहार के सरकारी विद्यालयों में शैक्षिक क्रांति लाना है। इस समूह के साथ सरकारी विद्यालय के विभिन्न जिलों से ऐसे–ऐसे उत्कृष्ट शिक्षक जुड़े हैं जो सरकारी विद्यालय में शत–प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक माहौल तैयार करनें को लेकर इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से अन्य शिक्षकों के बीच अलख जगाने का काम कर रहे हैं। मृत्युंजय ठाकुर ने बताया कि यह मंच बिना किसी सरकारी सहायता के विगत पांच वर्ष से सरकारी विद्यालयों की दशा और दिशा बदलने को लेकर बेहतरीन प्रयास कर रही है,जिसके फलस्वरूप आज बिहार के सरकारी विद्यालय में इस प्रयास का असर दिखना शुरू हो गया है। टीचर्स ऑफ बिहार के मॉडरेटर केशव कुमार ने बताया कि हमारा प्रयास अनवरत जारी रहेगा। हम बिहार के सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक माहौल शत–प्रतिशत लागू करने की दिशा में कार्य करते रहेंगे। विगत पांच वर्ष से टीचर्स ऑफ बिहार ने सरकारी विद्यालय एवं शिक्षकों के लिए जो बेहतरीन प्रयास किया है,उसका परिणाम यह है कि आज देश भर में टीचर्स ऑफ बिहार–बिहार–द चेंज मेकर्स ₹ समूह के कार्यों को प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी के रूप में लागू करने की चर्चा हो रही है।

# समस्तीपुर:शादी समारोह में चली गोली, एक युवक की मौत, तहकीकात में जुटी पुलिस, तीन खोखा बरामद



लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर ।** जिले के ताजपुर थाना के तहत मोरवा आनंदपुर गांव में सुरेन्द्र यादव के दरवाजे पर भोज खाने के दौरान, अज्ञात बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जिसे ताजपुर पुलिस व स्थानीय लोगों के मदद से उपचार के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर में दाखिल कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सुचना मिलने के बाद एएसपी संजय कुमार पांडेय सदल बल सदर अस्पताल पहुंचे और अपने स्तर से तहकीकात शुरू कर दिए हैं। मृत युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चकनूर मुहल्ला निवासी मो महताब उद्दीन का 22 वर्षिय पुत्र मो अमन उर्फ डेविड के रूप में की गई है। घटना बुधवार की देर रात की बतायी जा रही है। घटना के संबंध में सुत्रों का बताना है कि ताजपुर थाना क्षेत्र के मोरवा आनंदपुर गांव में बारात जाने से पूर्व आयोजित भोज के दौरान एक युवक आया और अमन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें एक से अधिक गोली उसे लग गयी और वह घटना स्थल पर ही गिर गया। जख्मी हालत में स्थानीय लोगों के द्वारा ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के संबंध में एएसपी सह सदर एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय का बताना है कि एक युवक की एक से अधिक गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि घटना स्थल से तीन खोखा बरामद किया गया है। मृतक के परिजनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर छापामारी शुरु कर दी गयी है। एएसपी ने बताया कि कांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है जल्द ही अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गया : शांति निकेतन एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** बिहार – शांति निकेतन एकेडमी में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया है। इस आयोजन में छात्रों ने विज्ञान और विभिन्न विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए हैं। कक्षा एक से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने–अपने प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विभिन्न सिद्धांतों और अवधारणाओं को प्रदर्शित किया है।इस मौके पर कक्षा दशम की खुशी कुमारी, जागृति शर्मा, परिधि श्रीवास्तव ने किडनी वर्किंग मॉडल बनाकर उसकी कार्यप्रणाली को समझाया है। कक्षा नवम के रेहान, पुष्पम रंजन, शिवानी ने वाटर डिस्टिलेशन 3डी वर्किंग प्रोजेक्ट मॉडल प्रस्तुत किया है। कक्षा अष्टम की अनुष्का चंद्रा, वैष्णवी, सकाशी कुमारी ने फ्री एनर्जी प्रोजेक्ट मॉडल बनाया है। कक्षा सप्तम की गार्गी, कहकशा, सोहन ने लेयर ऑफ एटमॉस्फेयर मॉडल बनाकर उसका प्रदर्शन किया है।इस प्रदर्शनी में छात्रों ने 200 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए, जिनमें रॉकेट लॉन्च व्हीकल मॉडल, वॉटर इरिगेशन सिस्टम मॉडल, ऑर्गेनिक खेती मॉडल, ट्रैफिक सिगनलिंग सिस्टम मॉडल, पॉल्यूशन कंट्रोल मॉडल आदि शामिल थे। इन मॉडलों के माध्यम से छात्रों ने जल संरक्षण, विभिन्न ऋतुओं, अंतरिक्ष, स्वस्थ जीवन और मशीनों के उपयोग के बारे में जानकारी दी है।इस अवसर पर गया के प्रसिद्ध फिजिशियन डॉ. नीरज कुमार, प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषिकेश कुमार, गया नगर निगम के मेयर गणेश पासवान, गया कॉलेज के शिक्षा विभाग के प्रमुख डॉ. धनंजय धीरज, और मगध यूनिवर्सिटी के सीनेट सदस्य उपस्थित थे।प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था जिन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की है। बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट्स के माध्यम से शिक्षित समाज का संदेश दिया है। बच्चों ने जल संरक्षण, विभिन्न ऋतुओं, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और मशीनों के बारे में मॉडल पेश किए हैं।विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और कहा, ₹शांति निकेतन एकेडमी से ही भविष्य में वैज्ञानिक पैदा होंगे। हमारे छात्र ही आने वाले समय के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, डॉ. विक्रम साराभाई, अल्बर्ट आइंस्टीन और न्यूटन बनेंगे। हमारे जूनियर वैज्ञानिकों ने अपने प्रोजेक्ट्स और मॉडलों के माध्यम से अद्भुत प्रदर्शन किया है।₹विद्यालय के प्रबंधन ने इस प्रकार के आयोजनों को शिक्षा का अभिन्न अंग बताते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया है। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में न केवल वैज्ञानिक सोच बढ़ाते हैं बल्कि उनके रचनात्मक और सामाजिक कौशल को भी विकसित करते हैं।पूरे दिन का माहौल उत्सव जैसा था, जिसमें बच्चों ने शिक्षा और मस्ती का आनंद एक साथ लिया। इस तरह के आयोजन से बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ती है और वे इसे लंबे समय तक याद रखते हैं।

## पकरीबरावां:बैठक में सतत विकास लक्ष्यों पर हुई चर्चा



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां।** पक़रीबरावा प्रखंड की ढोढा पंचायत में गुरुवार को ग्राम पंचायत प्लानिंग एवं फैसिलिटेशन टीम फोरम का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया रेखा यादव ने की। जिसमें पंच, पंचायत सचिव, वार्ड सचिव, पंचायत समिति के सदस्य, सरपंच, वार्ड सदस्य, आशा कार्यकर्ता, शिक्षक, कृषि सलाहकार, आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत रोजगार सेवक, जीविका दीदी और अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। पीरामल फाउंडेशन की टीम के सदस्यों कुमार पवन, मंतोष कुमार और गौरव ठाकुर ने बैठक में जीपीडीपी योजना के क्रियान्वयन एवं निगरानी, आदर्श पंचायत बनाने की प्रक्रिया और भारत सरकार द्वारा तय 9 स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इन लक्ष्यों में गरीबी उन्मूलन, स्वच्छता, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, बाल संरक्षण, जल प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा, सुशासन और महिला सशक्तिकरण जैसे विषय शामिल हैं। बैठक में नो कोस्ट और लो कोस्ट गतिविधियों के माध्यम से विकास कार्यों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के तरीके भी समझाए गए। पंचायत के स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, स्कूल प्रबंधन समितियों को सक्रिय करने और कक्षा 1 से 3 तक के पांच स्कूलों में छात्र सीखने के परिणामों का आधार रेखा अध्ययन करने पर विचार किया गया। निर्णय लिया गया कि जीपीपीएफटी फोरम की बैठक हर माह आयोजित की जाएगी। अगले माह कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष पत्नी और ससुराल के लोगों से तंग आकर कर लिया आत्महत्या



लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर ।** जिले के पुसा प्रखंड के वैनी पुसारोड बाजार निवासी एवं बेंगलुरु में कार्यरत सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष के सुसाइड प्रकरण में लगातार नए नए खुलासे हो रहे हैं। मृतक इंजीनियर अतुल सुभाष के चचेरे भाई बजरंग अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2019 में इंजीनियर अतुल सुभाष और उनकी पत्नी निकिता की मुलाकात शादी डॉट कॉम के एक मैरेज वेबसाइट के जरिये हुई थी। उन्होंने बताया कि इंजीनियर अतुल सुभाष ने शादी के लिए वेबसाइट पर अपना बायोडाटा और फोटो डाला जिसके बाद उत्तर प्रदेश के जौनपुर की रहने वाले निकिता से उसका संपर्क हुआ तथा दोनों में बातचीत होने लगी। बात जब आगे बढ़ी तो दोनों पक्ष के परिवार से जुड़े लोग हिंदू रीति रिवाज से दोनों की शादी विधिवत करा दी। शादी का दिन व तारीख तय होने के बाद पुसारोड से बारात बनारस गई। वहां पूरे धूमधाम से शादी हुई। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों से अतुल सुभाष अपनी पत्नी को लेकर मानसिक रूप से परेशान रहता था। उन्होंने बताया कि अतुल सुभाष ने पत्नी से चल रहे विवाद की कुछ जानकारी उनके साथ भी शेयर की थी। उन्होंने कहा की अतुल सुभाष के साथ हुए इस अप्रिय घटना की जानकारी सबसे पहले मृतक अतुल सुभाष के मां– पिताजी को हुई जिसके बाद माता–पिता और परिवार के लोग बेंगलुरु के लिए निकल पड़ें। उन्होंने बताया की मृतक अतुल सुभाष की पत्नी निकिता भी शुरुआत में बेंगलुरु में ही जॉब करती थी। निकिता अपने पति और उसके परिवार से अत्यधिक स्वतंत्रता चाहती थी जो पति–पत्नी के बीच उत्पन्न हुए विवाद का मुख्य जड़ था। इसी बीच निकिता ने करीब फरवरी 2021 में एक बच्चें को जन्म दिया और साल 2022 से पति पत्नी के बीच विवाद बढ़ता चला गया। बच्चे को जन्म देने के बाद निकिता इंजीनियर अतुल सुभाष को छोड़कर अपने मायके जौनपुर जाकर वही रहने लगी। वहां जाकर उसने अतुल सुभाष पर मेंटेनेंस खर्च देने के लिए पहला केस कोर्ट में दर्ज करा दिया। बाद में कोर्ट के आदेश पर अतुल सुभाष ने अपनी पत्नी निकिता को 40 हजार रुपए प्रति माह देना शुरू कर दिया। हालांकि निकिता का मन इतने से नही भरा और वह अतुल सुभाष से 2 लाख रूपये प्रति माह मेंटेनेंस खर्च देने की मांग करने लगी। अतुल सुभाष ने जब 2 लाख रुपए मेंटेन्स खर्च देने में असमर्थता जाहिर की तो उसकी पत्नी निकिता ने पिछले कुछ सालों में एक एक कर विभिन्न आरोप लगाते हुए कुल 9 केस अपने पति अतुल सुभाष पर ठोक दिए। बाद में अतुल नौकरी करते हुए तारीख पर तारीख जौनपुर न्यायालय का चक्कर लगाता रहा। अंत में कई सालों तक न्यायालय में खुद को न्याय न मिलता देख अतुल सुभाष ने सुसाइड करने का प्लान बना लिया तथा अपनी जीवन लीला ही समाप्त कर ली। मृतक अतुल सुभाष के परिजनों और पड़ोसियों ने इस मामले में जिन पांच लोगों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है उन सबकों फांसी की सजा मिले ऐसी मांग की है।बहुत ही अच्छा व हंसमुख मिजाज का था मृतक अतुल सुभाष। मृतक अतुल सुभाष के साथ बचपन में क्लास 1 से 7 तक कि पढ़ाई करने वाले उसके अजीज दोस्त पुसारोड निवासी संत सुमन ने बताया कि मृतक अतुल सुभाष बहुत ही अच्छे विचार का लड़का था। अतुल सुभाष ने अपने बचपन की पढ़ाई पुसारोड स्थित एक प्राईवेट स्कूल और केंद्रीय विद्यालय पुसा से की। बाद में वह आगे की पढ़ाई करने के लिए दिल्ली चला गया। पोते से आज तक नही मिल पायें है उसके दादा दादी। मृतक अतुल सुभाष सुसाइड प्रकरण मामले में जानकारी देते हुए उनके चचेरे भाई बजरंग अग्रवाल ने बताया की मृतक के 4 वर्षीय बेटे को मृतक अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया ने आज तक उसके दादा, दादी, चाचा या परिवार के कोई अन्य सदस्यों से मिलने नही दिया हैं। दादा–दादी ने कई बार बच्चें से मिलने की इच्छा जताई लेकिन निकिता ने बच्चें को उसके दादा दादी से नही मिलने दिया। मृतक के चचेरे भाई बजरंग अग्रवाल ने यह भी बताया की उनके भाई अतुल सुभाष ने अपनी पत्नी व सास को मकान खरीदने के लिए एक बार 20 लाख रुपए तथा अन्य मदों में भी 20 लाख रुपए से ज्यादा दिए थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### 6 बोतल कोरेक्स कफ सिरफ के साथ सुपौल जिले के बाइक सवार तीन युवक गिरफ्तार, बाइक हुआ जब्त

लोकतंत्र की आवाज



नवहट्टा सहरसा संवाददाता। जिले के नवहट्टा थाना गश्ती पुलिस टीम द्वारा बुधवार को की गई कार्रवाई में 6 बोतल कोरेक्स कफ सिरफ के साथ बाइक सवार तीन युवक को गिरफ्त में लिया गया था। जिन्हें अग्रतर कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया था। नवहट्टा थाना अध्यक्ष ज्ञान रंजन कुमार ने बताया कि गस्ती के दौरान पुलिस टीम को देखकर बाइक संख्या बीआर 50 वाई 2951 पर सवार तीन युवक बाइक घूमा कर भगाने का प्रयास किया था। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया था। जिनकी तलाशी लिए जाने पर उनकी बाइक की डिक्की से 6 बोतल कुल 600 एमएल प्रतिबंधित कोरेक्स कफ सिरफ बरामद किया गया था। गिरफ्तार तीनों युवक सुपौल जिले के सदर थाना क्षेत्र के वैरो गांव, वार्ड नंबर - 10 निवासी मो सफीक खान के पुत्र मो नाजिम खान, मो संजीव खान के पुत्र मो शाहरुख खान और नवल प्रसाद के पुत्र अंकित कुमार थे। उनकी बाइक जब्त कर ली गई थी। गिरफ्तार तीनों युवक को अग्रतर कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया था।

### जिला भविष्य निधि कार्यालय के पदाधिकारियों के रवैया पर महासंघ ने आक्रोश प्रकट

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ द्वारा जिला सामान्य भविष्य निधि कार्यालय के वर्तमान कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया है। महासंघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह जिला मंत्री शरद कुमार ने संयुक्त बयान में कहा कि आए दिन कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी जिला भविष्य निधि कार्यालय के कार्यकलाप से परेशान रहते हैं। वर्तमान जिला सामान्य भविष्य निधि पदाधिकारी के सह पर कर्मचारियों के काम को अन्य मंशा से बेवजह परेशान किया जा रहा है। इस संबंध में ढेरों मौखिक लिखित शिकायत भी की जा रही है। महासंघ द्वारा जिलाधिकारी को इस संबंध में पत्र भी दिया गया है। साथ उनसे मिलकर वस्तु स्थिति उन्हें अवगत करा कर न्यायोचित कारवाई की मांग करेंगे। महासंघ के उपाध्यक्ष ललित नारायण मिश्र, अभिषेक कुमार, सुरेश यादव, स्वास्थ्य संघ के नंद कुमार खां, कुमार प्रियांशु, राजस्व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव समाहरणालय संघ के अध्यक्ष रमण कुमार मंत्री समरेंद्र सिंह, सुरज सिंचाई संघ के खगेश सिंह उमेश कुमार रामचंद्र मंडल, अमित भारद्वाज इत्यादि संघ महासंघ के पदधारकों ने जिला भविष्य निधि कार्यालय के पदाधिकारी के रवैया पर आक्रोश प्रकट किए।

### 13 दिसंबर को सहरसा से नई दिल्ली के लिए चलाई जाएगी एक स्पेशल ट्रेन

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए आगामी 13 दिसंबर को बरौनी, मुजफ्फरपुर, पाटलिपुत्र, डीडीयू, प्रयागराज के रास्ते सहरसा से नई दिल्ली के लिए एक स्पेशल ट्रेन संख्या - 04493 चलाई जाएगी। हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि रेल यात्रियों की भीड़ को देखते हुए आगामी 13 दिसंबर को सहरसा से नई दिल्ली के लिए एक स्पेशल ट्रेन संख्या - 04493 चलाई जाएगी। उक्त स्पेशल ट्रेन में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी के कुल 1 कोच, द्वितीय वातानुकूति श्रेणी के कुल 2 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के कुल 4 कोच, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के कुल 2 कोच, शयनयान श्रेणी के कुल 6 कोच और साधारण श्रेणी के कुल 4 कोच लगे होंगे। उक्त स्पेशल ट्रेन संख्या - 04493 सहरसा से नई दिल्ली के लिए निकलेगी।

# जदयू जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर प्रमंडल प्रभारी ने किया पटेल मैदान का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



सहरसा संवाददाता ।जिला जनता दल यू कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर पटेल मैदान में पंडाल बेरिकेटिंग सहित अन्य आवश्यक तैयारी की जा रही है। बुधवार को प्रमंडल प्रभारी अशोक कुमार बादल, प्रदेश महासचिव सह महिषी विधानसभा प्रभारी डॉ रामप्रवेश पासवान, जिला मुख्य प्रवक्ता सोहन झा, जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र देव, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव अबू बकर मुन्ना द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर तैयारी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अशोक बादल ने कहा यह शुद्ध रूप से कार्य कर्ता सम्मेलन है। जिसमे जिले के सभी विधानसभा के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

उन कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा 2025 में इस बार 225 सीटों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसे पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं को मूल मंत्र दिया जाएगा। प्रदेश महासचिव डॉक्टर रामप्रवेश पासवान ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री विकास पुरुष के द्वारा किए गए कार्यों को कार्यकर्ताओं से अवगत कराने एवं विचारों से लैस करने के लिए सात सदस्य टीम बनाई गई है। जो विभिन्न विषयों पर विभिन्न विभाग की विशेषज्ञ द्वारा विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना, शिक्षा एवं स्वास्थ्य तथा लॉ एंड ऑर्डर में व्यापक रूप से सुधार हुआ है। बिहार कभी गाली का पर्याय था अब विकास के लिए जाना जाता है। इसलिए 2025 फिर से नीतीश के संकल्प के साथ जनमानस को अवगत कराया जाएगा।

जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया ने कहा कि पूरे प्रदेश में जनता दल यूनाइटेड के द्वारा 24 नवंबर से 15 दिसंबर तक जिला कार्यकर्ता सम्मेलन सभी जिलों में किया जा रहा है। 14 दिसंबर को पटेल मैदान में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में बुथ स्तर से लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ता भाग लेंगे। साथ ही इस सम्मेलन में बिहार सरकार के ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव, सचेतक नरेंद्र नरेंद्र नारायण यादव, गोपालगंज विधायक आलोक कुमार, सीतामढ़ी विधायक देवेश चंद्र ठाकुर, स्थानीय सांसद दिनेश चंद्र यादव, मंत्री रत्नेश सादा, महिषी विधायक गुंजेश्वर साह सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी गण मौजूद रहेंगे। जिसकी सभी आवश्यक तैयारी सभी स्तर पर पुरी की जा रही है।

## अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. जमील हसन अंसारी और डॉ. शैलेश सिंह देंगे भोजपुरी भाषा पर महत्वपूर्ण विचार

लोक तंत्र कीआवाज



दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के इतिहास विभाग के युवा शिक्षाविद और रामनरेश सिंह एजुकेशनल फाउंडेशन के दरभंगा समन्वयक, डॉ. जमील हसन अंसारी को भोजपुरी साहित्य विकास मंच, कोलकाता और प्रगति शोध फाउंडेशन, पश्चिम बंगाल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह संगोष्ठी 14-15 दिसंबर को ₹लोक साहित्य में मानवीय मूल्य और प्रतिरोध के स्वर₹ विषय पर आयोजित की जाएगी।

इस कार्यक्रम में डॉ. अंसारी उद्घाटन सत्र में भाग लेंगे और भोजपुरी भाषा के संवैधानिक हक, विशेष रूप से उसे भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के मुद्दे पर विचार व्यक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि भोजपुरी भाषा विश्वभर में बोली जाती है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से इसे अभी तक आठवीं अनुसूची में स्थान नहीं मिला है, जो दुख की बात है।

इस संगोष्ठी में भोजपुरी परिसंवाद सत्र में मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता, डॉ. शैलेश सिंह शौर्य ₹भाषा का वैज्ञानिक संदर्भ और आठवीं अनुसूची₹ पर अपने विचार साझा करेंगे। इस सत्र में मॉरीशस के वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य राजेंद्र राय मिसिर मुख्य अतिथि होंगे, जबकि अध्यक्षता भोजपुरी साहित्य के प्रमुख हस्ताक्षर, डॉ. विमलेश त्रिपाठी करेंगे। संगोष्ठी में नेपाल, अमेरिका, चीन और भारत के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों प्रतिभागी भाग लेंगे।कार्यक्रम में सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित की जाएगी, जिसमें उत्तर प्रदेश से रामबहादुर राय, गायिका राय वैष्णवी, रानी वर्मा, सिवान से गुड्डू गुलशन यदुवंशी सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

मंच के महासचिव, प्रकाश प्रियांशु ने बताया कि इस संगोष्ठी में भोजपुरी भाषा और साहित्य के उत्थान, नारी विमर्श, संविधानिक अधिकार और उच्च शिक्षा में शोध पर चर्चा की जाएगी। यह आयोजन भोजपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा और भारतीय लोक साहित्य में मानवीय मूल्यों और प्रतिरोध के स्वर को उजागर करेगा।

## पतरघट में सोलर स्टिच लाइट तकनीकी खराबी के कारण बंद

लोकतंत्र की आवाज



पतरघट सहरसा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के पामा पंचायत में लगे सोलर लाइट शोभा की वस्तु बनकर रह गयी है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि कुछ गलत जगह पर कुछ सोलर लाइट लगाया गया है जिस कारण से बंद पड़े रहते हैं।

जानकारी हो कि पन्द्रहवीं वित्त आयोग की राशि से लगाएं गये ब्रेडा कंम्पनी के द्वारा सोलर स्टिच लाइट तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़े हैं। खराब लाइट के कारण प्रकाश स्तंभ शोभा की वस्तु बनकर रह गया। जानकारी अनुसार पामा पंचायत में 8 माह पहले से सार्वजनिक जगह पर ब्रेडा कंम्पनी के द्वारा सोलर लाइट लगाया जा रहे हैं। कुछ जगह पर कुछ दिन के बाद पांच लाइट खराब हुआ जिनका शिकायत पंचायत सचिव अनूप कुमार के द्वारा किया गया था। संवेदक के द्वारा तीन लाइट को ठीक करवाया दो लाइट को छोड़ दिया गया। फिर दोबारा लाइट खराब होने लगा पंचायत सचिव के द्वारा संवेदन को अवगत कराया गया लेकिन अभी तक लाइट को ठीक नहीं किया गया। समय रहते हुए विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर यह दरसा रहा है कि सरकारी रुपया का बंदर बाट किया जा रहे हैं। ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि सोलर लाइट खरीदारी करने में काफी अनियमितता बड़ती गई और घटिया कंपनी का सोलर लाइट की खरीदारी की गई जिससे कुछ माह में ही उक्त टावरों में लगे प्रकाश बल्बों में जवाब दे दिया। मुखिया बिनोद कुमार ने कहा कि खराब लाइट के बारे में अवगत कराया गया है लेकिन कोई घ्यान नही दिया जा रहे हैं। पंचायत सचिव अनूप कुमार ने बताया कि ब्रेडा कंपनी को लिख कर दिया गया है लेकिन अभी तक ठीक नहीं किया गया है।

## आत्म-अनुभूति में समय लगाना सच्चा निवेश: पूनम बहन

लोकतंत्र की आवाज



सहरसा संवाददाता। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्वर्णिम भारत नवनिर्माण आध्यात्मिक प्रदर्शनी के दूसरे दिन बड़ी संख्या में जिज्ञासुओं के आने का सिलसिला जारी रहा और सैकड़ों की संख्या में लोगों ने सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन शिविर के लिए निःशुल्क नामांकन भी करवाया। बुधवार से शुरू हुए राजयोग मेडिटेशन शिविर के प्रथम दिन पूनम बहन ने कहा कि आज मानव अपनी असली पहचान भूलकर ही अपने अंदर के गुणों व शक्तियों को भूला बैठा है और दुःख-अशांति-चिंता-तनाव के चंगुल में फंसता जा रहा है।

स्वयं की सत्य पहचान की अनुभूति ही हमें सच्ची सुख-शांति की चिरकालीन अनुभूति करा सकती है। शरीर और इससे जुड़ी हर पहचान परधर्म है। इससे जुड़ी पहचान भले ही कितनी ही बड़ी क्यों ना हो ! उसमें अंततः दुःख समाया हुआ है। स्व अर्थात् आत्मा का धर्म ही सच्चा स्वधर्म है। ज्ञान, शांति, प्रेम, पवित्रता, सुख, आनंद, शक्ति आदि सकारात्मक गुण ही 'स्व' का धर्म है। यह स्वधर्म, हर आत्मा का मौलिक और शाश्वत स्वभाव है। इन्हीं आत्मिक गुण और धर्म को, गीता में दैवी संपदा भी कहा गया है।

स्वयं को शरीर मानकर मनुष्य आत्मा स्वयं से ही दूर हो गई है। इस दूरी को पाटना ही हमारा वर्तमान समय में सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्ष्य होना चाहिए। धन-वैभव-साधन हमारे लिए हैं, हम उनके लिए नहीं। इसके पीछे आवश्यकता से अधिक शक्ति लगाना वास्तव में अपनी आंतरिक शक्तियों को क्षीण करना है। यह भ्रम पालना कि इससे ही सच्ची शांति-खुशी मिलेगी, वास्तविकता से दूर भागने जैसा है। प्रतिदिन कुछ समय आत्म-अनुभूति में लगाना समय का सही निवेश और सदुपयोग है। समय निकालकर एकांत में बैठ मस्तिष्क के बीचों-बीच, जहां हम तिलक लगाते हैं, स्वयं को ज्योति बिंदु आत्मा के रूप में ध्यान केंद्रित करने से आत्मिक शांति, शक्ति और असीम ऊर्जा का अनुभव कर सकते हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार सायं 5:00 बजे तक मध्य विद्यालय तेलियाहाट में आयोजित इस प्रदर्शनी का लाभ लेने के लिए समस्त बनमा वासियों का आह्वान किया।

# कोसी और सीमांचल क्षेत्र में नई रेल लाइन के निर्माण कार्य की अब जगी उम्मीद

लोक तंत्र की आवाज



मधेपुरा। पूर्वोत्तर बिहार के कोसी और सीमांचल क्षेत्र में नई रेल लाइन के निर्माण की उम्मीद जगी है। इस बाबत केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने संबंधित निदेशालय को विस्तृत जांच का आदेश दे दिया है।लिहाजा रेल मार्ग के लिए लंबे समय से संघर्षरत 'सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ, चौसा' ने खुशी का इजहार किया है।

बताते चलें कि सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ चौसा के बैनर तले लंबे वक्त से भागलपुर से भीमनगर( नेपाल बॉर्डर) भाया नवगछिया, चौसा ,उदाकिशुनगंज,मधेपुरा होते हुए 175 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के लिए आंदोलन किया जाता रहा है। आंदोलन के समर्थन में सांसद (राज्यसभा) प्रोफेसर मनोज कुमार झा ने अपने पत्रांक- MPRS/BIH/RJD/2024- 661 दिनांक- 13.08.2024 के द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री को एक पत्र लिखकर उक्त रेल लाइन के निर्माण की मांग किया था। प्रेषित पत्र में सांसद प्रोफेसर झा ने यह भी बताया था कि भागलपुर से भीमनगर (नेपाल बॉर्डर ) तक 175 किलोमीटर नई रेल लाइन बन जाने से अंग ,कोसी और सीमांचल क्षेत्र के आठ विधानसभा क्षेत्र के करोड़ों लोगों तक विकास की रोशनी पहुंच सकेगी और इस पिछड़े इलाके का चहुमुखी विकास संभव होगा। सनद रहे कि प्रोफेसर झा के पत्र को संज्ञान में लेते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने त्वरित कार्यवाही का निर्देश जारी किया है। रेल मंत्री ने अपने पत्रांक- टफ/अ3138/2024 दिनांक - 05.12.2024 के द्वारा सूचित किया है कि भागलपुर से भीमनगर नेपाल सीमा तक नई रेल लाइन के निर्माण हेतु संबंधित निदेशालय को विस्तृत जांच का निर्देश दे दिया गया है। रेल मंत्री की उक्त कार्यवाही की सूचना मिलते ही सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ में खुशी व्याप्त है।

- भागलपुर से भीमनगर (नेपाल बॉर्डर) भाया नवगछिया, चौसा, उदाकिशुनगंज, मधेपुरा होते हुए 175 किलोमीटर लंबी रेल लाइन

# ठेकेदार को अपराधियों ने किया गोलियों से छलनी कार रुकवा कर मारी 16 गोलियां, हुई मौत

लोक तंत्र की आवाज



मधेपुरा। मधेपुरा जिले के पुरैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत कड़ामा चौक से सटे पेट्रोल पंप के समीप अपराधियों ने एक ठेकेदार को बुधवार की रात्रि करीब 9 बजे कार से उतारकर गोलियों से भून दिया।ठेकेदार के ऊपर लगभग 15 से 16 राउंड गोली चलाई गई।जिसमें ठेकेदार को 15 गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई है।गोली लगने के पश्चात उन्हें स्थानीय अस्पताल लाया गया।अस्पताल से उन्हें मधेपुरा रेफर कर दिया है।मधेपुरा में डॉक्टरों ने बताया कि उनकी मौत हो चुकी है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक ठेकेदार की पहचान पवन कुमार राय पिता जनेश्वर राय उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के लश्करी पंचायत वार्ड संख्या 9 निवासी के रूप में हुई है।वह पेशे से ठेकेदार थे।वे पुरैनी थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य करवा कर अपने सहयोगियों के साथ कार से घर लौट रहे थे।जैसे हीं कार कड़ामा चौक से आगे बढ़ी दो बाइक 6 हथियार से लैस अपराधियों ने गाड़ी रुकवा दी।उसके बाद गाड़ी से ठेकेदार पवन कुमार राय को बाहर निकाला।अपराधियों ने ठेकेदार के ऊपर अंधाधुन फायरिंग करना शुरू कर दिया।लगभग 15 से 17 राउंड गोली चलाई गई।जिसमें 15 से 16 गोली ठेकेदार को लगी।गोली मारकर सभी अपराधी फरार हो गए।गोली मारने की सूचना पुरैनी थाना क्षेत्र के थानाध्यक्ष को दी गई।घटनास्थल पर पुलिस पहुँची।ठेकेदार को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।जहाँ से उन्हें मधेपुरा रेफर कर दिया गया।मधेपुरा अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद से परिजनों में डर का माहौल है।ठेकेदार के सहयोगियों में भय समा गया है।

**इधर मामले में पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है:** वहीं घटना के बाद पुलिस ने देर रात को ही लाश का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है. मामले की छानबीन में जुट गई है."ठेकेदार पवन राय को गोली मारने की सूचना प्राप्त हुई. जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और खून से लथपथ पवन को अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मामले की जांच की जा रही है. अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है."-राघव शरण, पुरैनी थाना अध्यक्ष।

# पतरघट पैक्स अध्यक्ष मुरली कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



पतरघट सहरसा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के पतरघट पैक्स कार्यालय में मंगलवार को नवगठित कार्यकारिणी सदस्य की पहली बैठक पैक्स अध्यक्ष मुरली कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया और उन्हें पैक्स के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बैठक में मौजूद बीसीओ अंबिका प्रसाद सिंह ने बताया कि पैक्स चुनाव खत्म होते ही विभागीय निर्देश पर नवगठित कार्यकारिणी सदस्य की बैठक विभिन्न पंचायतों आयोजित की जा रही है। किसानों का धान तैयार है। पैक्स के द्वारा किसानों का धान निर्धारित मूल्य पर 15 फरवरी 2025 तक धान अधिप्राप्ति की जाएगी।

वहीं पैक्स अध्यक्ष मुरली कुमार यादव ने बताया की नवगठित कार्यकारिणी की पहली बैठक में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से मुख्य रूप से धान अधिप्राप्ति एवं ससमय किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। वही बैठक में किसान हित की चर्चा की गई। किसानों ने उन्हें चुनकर समिति का सदस्य बनाया है। ऐसे में उनकी जिम्मेवारी बनती है कि किसान हित का पूरा ख्याल रखें। सदस्यों ने इसे सर्वसम्मत्ति से स्वीकार किया। इस दौरान अध्यक्ष ने अपने दायित्व के निर्वहन का संकल्प दुहराया। इस मौके पर पैक्स प्रबंधक बेबी देवी, राजेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य रंजन कुमार, मनोज कुमार, मो. इरफान, रंजन कुमार, रामदेव शर्मा, नीलम कुमारी मौजूद रहे।

## 56वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित 'शहीद नीरज क्षेत्री फुटबॉल टूर्नामेंट' का शुभारंभ

लोक तंत्र की आवाज



बथनाहा( अररिया)। 56वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल बथनाहा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ''शहीद नीरज क्षेत्री फुटबॉल टूर्नामेंट'' का शुभारंभ कोसी कॉलोनी बथनाहा के खेल मैदान में राजेश टीकु, उप-महानिरीक्षक, पूर्णिया ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में राजेश टीकु ने दीप प्रज्वलित किया और शहीद नीरज क्षेत्री के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए।

इस अवसर पर बथनाहा के कमांडेंट सुरेंद्र विक्रम ने शहीद नीरज छेत्री की पुण्य स्मृति में इस टूर्नामेंट के आयोजन पर विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि श्री टीकु का आभार प्रकट किया। श्री विक्रम ने कहा कि भारतीय तिरंगा हमारे स्वतंत्रता सेनानियों, वीर क्रांतिकारियों और शहीदों के बलिदान का प्रतीक है, जिनकी वजह से हम आज स्वतंत्रता से जी रहे हैं। शहीद नीरज क्षेत्री का बलिदान भी हमारे देश की अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए अनमोल है। उन्होंने इस टूर्नामेंट को नागरिकों में एकता, सौहार्द और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरणा देने का उद्देश्य बताया। तत्पश्चात, विक्रम ने शहीद नीरज छेत्री के जीवन की जानकारी दी। कार्यक्रम में मीनाक्षी कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद जोगबनी, संजय कुमार, अध्यक्ष जागरण कल्याण भारती, पंकज किशोर मंडल, वार्ड पार्षद, वरुण मिश्रा, समाजसेवी, राजेश गुप्ता, विपुल मिश्रा, अजय झा, सचिन कुमार, विक्रम कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**शहीद नीरज छेत्री: वीरता का प्रतीक :** शहीद नीरज छेत्री का जन्म 24 फरवरी 1991 को ग्राम-करबारी नेपाली, जिला विश्वनाथ ( असम ) में हुआ था। उन्होंने 67 ऑपरेशनों में भाग लिया और कई प्रकार के हथियार तथा गोला-बारूद जब्त किए। 2 जून 2019 को सशस्त्र सीमा बल की 35वीं वाहिनी और स्थानीय पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान भाकपा माओवादियों के साथ मुठभेड़ में नीरज छेत्री शहीद हो गए। उन्होंने अपनी वीरता और पराक्रम का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया। यह टूर्नामेंट शहीद नीरज छेत्री की याद में आयोजित किया जा रहा है, जो न केवल उनके योगदान को सम्मानित करता है, बल्कि देश की सुरक्षा और अखंडता के प्रति उनके बलिदान को भी नमन करता है।

- फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ राजेश टीकु, उप-महानिरीक्षक, पूर्णिया ने किया

## संक्षिप्त खबरें ।

### सेन्हा कन्या विद्यालय के लगभग एक दर्जन बच्चे अरंडी के बीज खाने से बीमार



लोकतंत्र की आवाज
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
सेन्हा। थाना क्षेत्र के कन्या विद्यालय के लगभग एक दर्जन बच्चे गुरुवार को अरंडी के बीज खाने से बीमार पड़ गए। सभी बच्चों को गंभीर हालत में गुरुवार ‘ङ्ग सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज हेतु लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में भर्ती कर चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जा रहा है। यहां इलाज के बाद बच्चों की हालत में सुधार हो रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेन्हा कन्या विद्यालय में पढ़ने वाले लगभग एक दर्जन बच्चे गुरुवार की सुबह घर से स्कूल के लिए निकले थे। इसी दौरान वे स्कूल के पास लगे एक अरंडी के पेड़ पर पहुंचे और उन्होंने नादानी में बीज खा लिए। थोड़ी देर बाद सभी बच्चों की हालत बिगड़ने लगी और वे बेहोश होकर गिरने लगे। एक साथ एक दर्जन बच्चों की हालत बिगड़ने से स्कूल के बाकी बच्चों सहित गांव में अफरा-तफरी मच गई। बच्चों के परिजनों को जानकारी लगते ही उन्होंने स्कूल पहुंचकर बच्चों को लिया और सीधे उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर भागे। जिला अस्पताल में एक साथ इतने बच्चों के पहुंचते ही डाक्टर भी सकते में गए। सभी बच्चों को भर्ती करके तुरंत इनका इलाज शुरू किया गया है। बताया गया है कि स्कूल के बाजू से ही अरण्डी का पेड़ लगा है, जहां अक्सर बच्चे खेल-खेल में अरंडी के बीच अनजाने में खा लिया। जबकि यह बीज जहरीले होते हैं।

### राष्ट्रीय पैरा तैराकी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त



लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
रामगढ़(झारखंड)। 19 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक देश के गोवा राज्य में आयोजित राष्ट्रीय पैरा तैराकी प्रतियोगिता 2024 में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले रामगढ़ जिले के चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बड़की लारी कला निवासी जितेंद्र कुमार पटेल को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में पौधा देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।मौके पर उपायुक्त ने उन्हें आगे भी इसी तरह बेहतरीन प्रदर्शन करने तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।इस दौरान प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### एस.वी.एम पब्लिक स्कूल का हर्षोल्लास के साथ मनाया तीसरा स्थापना दिवस

लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर पंचायत के तोरोबार स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल का तीसरा स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया नया।कार्यक्रम प्रारंभ मुख्यातिथि गोविंदपुर मुखिया रीता कुमारी,इंजिनियर मुकेश कुमार महतो, इंजीनियर रीता महतो , प्राचार्य प्रदीप कुमार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारंभ किया गया। इस दौरान खेलकूद, नृत्य संगीत ,कॉमेडी बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई।विद्यालय प्राचार्य प्रदीप कुमार ने उपस्थित मुख्यातिथि,अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा है बहुत खुशी की बात है आज हमारे विद्यालय का तीसरा स्थापना दिवस मना रहे हैं, विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों द्वारा बेहतर शिक्षा के साथ साथ खेल कूद,नृत्य संगीत हमेशा करवाया जाता है जिससे बच्चों में मानसिक विकास होता है। बच्चों को शिक्षा , खेलकूद, नृत्य संगीत में आगे बढ़ाने के लिए हर प्रकार से प्रयास रहेगी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजिनियर मुकेश कुमार महतो ने कहा कि प्रखण्ड के सुदूर इलाके में बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलना बहुत ही सौभाग्य की बात है, विद्यालय के शिक्षकगण बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ साथ भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

बच्चों को नवोदय ,सैनिक विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवाएं। मुखिया रीता महतो ने कहा कि बच्चों को मानसिक विकास के लिए शिक्षक के साथ साथ अभिभावक भी ध्यान दें। समय पर स्कूल भेजें , जेएलकेएम प्रखंड अध्यक्ष सह पिनेकल इग्नेटेड माइंड्स स्कूल चानो के डायरेक्टर कौलेश्वर महतो ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी शेरनी का दूध है ,जो पीता है वही दहाड़ता है। शिक्षा से ही समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है, बच्चे खूब पढ़े खूब आगे बढ़े। इस कार्यक्रम में इंजिनियर रीता महतो,मुखिया प्रतिनिधि राहुल महतो, बीपीएम सोबरन महतो,शिक्षक राजेश विद्यार्थी, समाजसेवी सुकर महतो,भारतीय युवा संसद सह जेएलकेएम प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, विद्यालय शिक्षिका ऋतु कुमारी, पुष्पा कुमारी, बिनोद कुमार, अशोक महतो,प्रकाश महतो, हरेंद्र कुमार,धानेश्वर कुमार चेतलाल कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थिगण एवं अभिभावक उपस्थित थे ।

# एसआर रूंगटा ए-डिवीजन लीग में एमसीसी चाईबासा ने मेघाहातुबुरू टीम को हराया

लोकतंत्र की आवाज़




**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चाईबासा(झारखंड)।** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे एस आर रूंगटा ए-डिवीजन लीग के अंतर्गत आज खेले गए मैच में मिडिलसेक्स क्रिकेट संघ चाईबासा ने मेघाहातुबुरू क्रक्लब को 46 रनों से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस एम सी सी चाईबासा के कप्तान अनुराग संजय पुर्ति ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इससे पूर्व मैदान पर रखे पिच रोलर में आई तकनीकी खराबी के कारण मैच बिलंब से प्रारंभ हुआ और दोनों अंपायरों ने ओवर में कटौती करते हुए तीस-तीस ओवरों का मैच कराने का निर्णय लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मिडिलसेक्स क्रिकेट क्लब ने पूरे तीस ओवर खेलकर नौ विकेट के नुकसान पर 252 रनों का स्कोर खड़ा किया। हलांकि एम सी सी की ओर से कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक लगाने में सफल नहीं रहा परंतु उद्घाटक बल्लेबाज जय प्रकाश राजपूत को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने उपयोगी पारी खेली। इस टीम की ओर से राकेश कुमार ने चार चौकों एवं दो छक्कों की सहायता से सर्वाधिक 47 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में आदित्य पुष्कर ने 45, अजित कुमार सिंह ने 43 नाबाद, कुमार करण ने 32, कप्तान अनुराग संजय ने 29, ललित सिंह ने 26 तथा शिवम कुमार ने 14 रनों का योगदान दिया। मेघाहातुबुरू की ओर से अमोस एक्का ने 68 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। आशीष तँवर एवं सुरज कुमार को दो-दो सफलता हाथ लगी जबकि रोहित कश्यप एवं यशस्वी गौतम ने एक-एक विकेट चटकाए।

जीत के लिए निर्धारित तीस ओवर में 253 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेघाहातुबुरू क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 27 ओवर में 206 रन बनाकर आल आउट हो गई। हलांकि दोनों उद्घाटक बल्लेबाज क्रमशः ईशान एवं आशीष तँवर ने टीम को शानदार शुरुआत दी। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर पहले विकेट के लिए मात्र सात ओवर में 80 रन ठोक डाले। इसी स्कोर पर ईशान सात चौकों एवं पाँच ताबड़तोड़ छक्का की मदद से मात्र 31 गेंदों पर 63 रन बनाकर आउट हो गया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए निकेत सिंह ने भी अच्छी बल्लेबाजी का परिचय देते हुए 24 रनों की उपयोगी पारी खेली। सतरहवें ओवर की समाप्ति पर मेघाहातुबुरू क्रिकेट क्लब का स्कोर 131 रन था और उसके मात्र एक विकेट गिरे थे और ऐसा लग रहा था कि ये टीम आसानी से मैच अपने नाम कर लेगी परन्तु कप्तान आशीष तँवर (52 रन) और निकेत सिंह के आउट होने के बाद मेघाहातुबुरू की पूरी पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। हलांकि सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए प्रगति कुमार ने दो चौकों एवं चार छक्कों की सहायता से 39 रन बनाकर कुछ प्रतिरोध अवश्य किया पर मैच जीताने के लिए ये नाकाफी साबित हुआ।

एम सी सी चाईबासा की ओर से बामहस्त स्पिनर तन्मय तंतुबाई ने 23 रन देकर तीन विकेट तथा कप्तान अनुराग संजय पुर्ति ने 43 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। आशीष कुमार को दो सफलता हाथ लगी जबकि विशाल सिंह एवं अजित कुमार सिंह को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

## मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमिकों का वेतन रोकने और जालसाजी कर कैमरून भेजने वाले नियोजकों पर प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

**रांची(झारखंड)।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश के बाद कैमरून में फँसे झारखण्डी श्रमिकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कैमरून (मध्य अफ्रीका) में फंसे झारखण्ड के 47 प्रवासी श्रमिकों के वेतन भुगतान ना किए जाने के संदर्भ में प्राप्त शिकायत पर श्रमायुक्त को निर्देश दिया है कि नियोजकों/नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमायुक्त ने नियोजकों/नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। प्राथमिकी में इस बात का भी जिक्रकिया गया है कि नियोजकों/नियोक्ताओं और मिडिलमैन द्वारा उक्त श्रमिकों को अन्तर्राज्यीय प्रवासी श्रमिक (नियोजन का विनियमन और सेवा शर्त) अधिनियम, 1979 के अन्तर्गत बिना प्रवासी मजदूर के रूप में निबंधन कराये एवं बगैर लाइसेंस प्राप्त किए. घोखे एवं जालसाजी कर श्रमिकों को मध्य अफ्रीका स्थित कैमरून भेजा गया है जो गैरकानूनी है।

**यह है मामला** : मुख्यमंत्री को विगत दिनों जानकारी प्राप्त हुई कि कैमरून में कार्यरत झारखण्ड के श्रमिकों की शिकायत प्राप्त हुई कि श्रमिक ट/२ ळ१ल्ल२१’ छत्र्ँ्लत्र्छे३ी, कैमरून, सेंट्रल अफ्रीका में कार्यरत हैं। इन सभी श्रमिकों का तीन माह का वेतन लंबित है और वे भारत वापसी की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

**वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू :** मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमायुक्त के दिशा निर्देश में राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क किया। कंपनी ने बताया कि श्रमिकों को $100 (डॉलर) प्रति माह का भुगतान किया गया है और बाकी बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर की जाएगी। श्रमिकों ने इस भुगतान की पुष्टि की है। श्रमायुक्त के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने कंपनी को अनुबंध की प्रति, वेतन भुगतान की जानकारी और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। कंपनी से कण्ट्रोल रूम ने पुनः संपर्क किया है उन्होंने मामले के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया है,बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर की जाएगी।

**हो रहा सुरक्षित वापिस का प्रयास:** इसके अतिरिक्त, भारत सरकार के उच्चायोग और विदेश मंत्रालय ने सूचित किया है कि M/s Transrail श्रमिकों के साथ बातचीत कर रही है और इन फंसे हुए श्रमिकों की सुरक्षित वापसी, उनके लंबित भुगतान और दस्तावेज़ों का समाधान करेगी। कण्ट्रोल रूम टीम लगातार ईमेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों और श्रमिकों से संपर्क कर सुरक्षित वापसी के प्रयासों में लगी है।

## कुंदा पुलिस ने अवैध अफीम फसल को किया नष्ट



**लोकतंत्र की आवाज**

**कुंदा(चतरा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मरगडा पंचायत में अफीम की खेती रोकथाम को लेकर अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कुन्दा पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त रूप से कई एकड़ में लगी अफीम फसल को नष्ट किया। कुन्दा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने लोगों से अपील की है कि जो भी लोग अफीम खेती में शामिल हैं, वे शीघ्र ही अफीम फसल को नष्ट कर दें, अन्यथा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध अफीम खेती को रोकना और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखना है।

# कितनी कम हुई है पलामू में पोस्ता की खेती! तस्कर अधिकारियों के ट्रांसफर का कर रहे इंतजार

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** पोस्ता (अफीम) की खेती को रोकना बड़ी चुनौती है. 2023-24 में पलामू में 177 एकड़ में लगे पोस्ता की फसल को नष्ट किया गया था. 2024-25 में पलामू के इलाके में पोस्ता की खेती कितनी हुई है? इसका आकलन किया जा रहा है. पुलिस की सर्विलांस टीम एक-एक इलाके का जायजा ले रही है और यह पता लगा रही है कि पोस्ता की खेती कहीं हुई तो नहीं है. वैसे इलाके जो पोस्ता की खेती के लिए चर्चित रहे हैं, वहां-वहां सैटेलाइट मैपिंग की जा रही है.



पलामू का मनातू, तरहसी, पिपराटांड़, पांकी, नौडीहा बाजार का इलाका पोस्ता की खेती से प्रभावित रहा है. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पोस्ता की खेती के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, यह आकलन किया जा रहा है कि पोस्ता की खेती कहां कहां हुई है. पुलिस का टारगेट है कि किसी भी इलाके में पोस्ता की खेती नहीं हो. अगर पोस्ता की खेती हुई है तो उसके खिलाफ अभियान चला कर नष्ट किया जाए. एसपी ने बताया कि पुलिस कई स्तर पर अभियान चला रही है एवं आम ग्रामीणों से पोस्ता की खेती से दूर रहने की अपील भी कर रही है.

**तस्करों को है ट्रांसफर का इंतजार, पुराने इलाके में नहीं हुई है खेती :** पोस्ता की खेती की शुरुआत अक्टूबर नवंबर के महीने से होती है. पिछले 10 वर्षों के दौरान पलामू में जिन इलाकों में पोस्ता की खेती हुई थी, उन इलाकों में इस साल अर्थात 2024 में पोस्ता की खेती नहीं हुई है. वैसे गांव जहां पोस्ता की खेती के आरोप में ग्रामीणों पर एफआईआर हुई है, वहां भी इस बार खेती नहीं हुई है. पुलिस ने जागरूकता अभियान भी चलाया है. पुलिस अधिकारियों से यह भी जानकारी मिली है कि तस्कर कई अधिकारियों के ट्रांसफर का इंतजार कर रहे हैं. तस्करों की सोच है कि जब अधिकारी बदले जाएंगे और नए अधिकारी को पोस्ता की खेती के खिलाफ अभियान समझने में वक्त लगेगा तब तक वे पोस्ता की अच्छी खासी खेती कर चुके होंगे.

**पलामू-चतरा सीमा पर पोस्ता की खेती की शुरुआत हुई:** झारखंड में सबसे पहले पलामू-चतरा सीमा पर पोस्ता की खेती की शुरुआत हुई थी. 2008-09 में सबसे पहले सीमावर्ती इलाकों में फसल लगाई गई थी. पुलिस की जांच में कई बार खुलासा हो चुका है कि अफीम की खेती से नक्सली संगठनों को बड़ी लेवी मिलती है. पोस्ता की तस्करी का नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ है.

# क्या है मिशन 75 करोड़, 2010 के बाद की गाड़ियों को क्यों भेजा जा रहा नोटिस

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में पलामू जिला परिवहन विभाग ने 55 करोड़ रुपए राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा था. इस लक्ष्य को परिवहन विभाग ने आसानी से हासिल कर लिया. वर्ष 2024-25 में परिवहन विभाग का यह लक्ष्य 75 करोड़ रुपए का हो गया है.

2024-25 वित्तीय वर्ष समाप्त होने में पांच महीने का समय बचा है. जिसमें परिवहन विभाग ने अब तक 40 करोड़ रुपए के करीब राजस्व की वसूली कर ली है. राजस्व की वसूली के लिए परिवहन विभाग कई बिंदुओं पर कार्य कर रही है. 2010 के बाद वैसे वाहन जिनका रजिस्ट्रेशन फेल हैं उन्हें नोटिस भेजा जा रहा है. रजिस्ट्रेशन फेल होने के बाद फाइन की राशि



चक्रवृद्धि ब्याज की दर से बढ़ती है.

**जानकारी देते जिला परिवहन पदाधिकारी :** जिला परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2010 के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने अपने वाहन के रजिस्ट्रेशन का रिनुअल नहीं कराया है. परिवहन विभाग ओवरलोडिंग समेत कई मामलों को लेकर कार्रवाई भी कर रही है. इसके अलावा ट्रैफिक नियमों को तोड़ना राजस्व विभाग को फायदा दे रहा है. ऐसे में बड़ी संख्या में लोगों का चालान कट रहा है. प्रतिदिन 60 से 70 बाइकर्स ट्रैफिक नियमों को तोड़ रहे हैं और फाइन भर रहे हैं. साथ ही बड़े वाहनों पर भी कार्रवाई हो रही है जिस कारण वे भी फाइन भर रहे हैं. पलामू के जिला

- पलामू में जिला परिवहन विभाग ने राजस्व वसूली का नया लक्ष्य तय किया है. जिसकी तैयारी विभाग द्वारा शुरूकर दी गई

परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार यादव बताते हैं कि लगातार लोगों से ट्रैफिक नियमों के पालन करने की अपील की जा रही है. राजस्व की वसूली के लिए कई बिंदुओं पर भी कार्य किया जा रहा है. ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले बड़ी संख्या में लोग फाइन भरने के लिए पहुंचते हैं. ऐसे में आशा है कि इस वित्तीय वर्ष में भी विभाग राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूरा कर लेगा।

## रेत (बालू) की कमी का असर पीएम आवास तथा अबुआ आवास पर



**लोकतंत्र की आवाज**

**अनिल कुमार ( संवाददाता)**
**प्रखंड- बिरनी, गिरिडीह।** माले के गढ़ में माले को हराने वाले बगोदर के विधायक नागेंद्र महतो जी तथा पांकी विधायक शिवपूजन मेहता जी साथ में धरने पर बैठ गए धरना का मुख्य कारण बालू की कमी के चलते पीएम आवास तथा अबुआ आवास निर्माण कार्य ठप हो चुका है जो निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करना है और प्रारंभ हेतु बालू की आवश्यकता है ,साथ ही यह भी मांग की गई थी सरकारइसे गंभीरता से ले। बालू मुफ्त में उपलब्ध कराये ताकि पीएम आवास एवं अबूआ आवास के निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूरा हो सके।

## विष्णुगढ़ प्रखंड के दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ

**लोकतंत्र की आवाज**

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव श्री गौरव पटेल जी, विशिष्ट अतिथि श्री रितेश कुमार व प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी के साथ मुख्य वक्ता डॉ. अनिल कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्ज्वलन कर किया।

अपने सम्बोधन में सचिव गौरव पटेल जी ने प्रशिक्षुओं के कौशल विकास में व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन को अतिमहत्त्वपूर्ण बताया₹ !व्याख्यान श्रृंखला के प्रथम दिवस में बतौर मुख्य वक्ता जीडी बगारिया महाविद्यालय,गिरिडीह के प्राचार्य डॉङ्ग अनिल कुमार कुशवाहा ने प्रशिक्षु शिक्षकों को सूक्ष्म शिक्षण कौशल के द्वारा बालकेंद्रित शिक्षा और प्रभावी शिक्षण शैली पर विस्तारपूर्वक अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया! मंच संचालन ओमकार नाथ शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन शशिभूषण देव ने किया!

उपस्थित रहने वालों में, क्द्अउ कॉर्डिनेटर एवं ठरर कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वणा मिश्रा सहायक प्राध्यापकगण जिनमें,बबली कुमारी,अशोक कुमार झा,वीरेन्द्र देव,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा,प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ० अम्बरीश कु० दुबे,डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार भुवनेश्वर कुमार महतो,संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार,आजाद ,नाजरा सुनीता सभी सत्रों के प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण का दूसरा दिवस, होटल श्याम सरोवर में

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की देखभाल तथा शिक्षा गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल करना बच्चों का टीकाकरण करना कम से कम यह तीन काम बहुत जिम्मेवारी तथा अति महत्वपूर्ण कार्य है जिसकी पूर्ण जानकारी अति आवश्यक है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के निदेशानुसार स्थानीय होटल श्याम सरोवर, गिरिडीह में ₹पोषण भी, पढ़ाई भी₹ का प्रशिक्षण आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया जा रहा है। जिसमें बेंगाबाद, गाण्डेय, गिरिडीह सदर, गिरिडीह शहरी, पीरटाड़ एवं डुमरी परियोजनाओं का बैच-01 एवं बैच-02 के माध्यम से कुल-



200 आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के आज दूसरे दिन श्रीमती सुशाना केरकेट्टा के द्वारा इ सी सी इ पर विस्तार पूर्वक बताया गया कि बच्चों का प्रारंभिक अवस्था से देखभाल करते हुए 06 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा दिया जाता है। यह मिशन सक्षम आँगनबाडी और पोषण के तहत प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा कार्यक्रम है। जिला पोषण समन्वयक, श्रीमती मेरी टुड्डू ने बताया कि सरकार छह वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री अनुज कुमार वर्मा, जिला परियोजना सहायक, पोषण अभियान के द्वारा बताया गया कि बच्चों को कुल-4 अधिकार है- 1. जीने का अधिकार 2. विकास का अधिकार 3. सुरक्षा का अधिकार 4. सह?भागिता का अधिकार पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही पोषण ट्रैकर एप्प के माध्यम से लाभुकों की डाटा इंट्री एवं नये लाभुकों को जोड़?ने से संबंधित जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। श्री विकास कुमार, क्षेत्रिय प्रबंधक, समर कार्यक्रम के द्वारा बताया गया कि वृद्धि निगरानी परी विस्तार से पूर्वक बताया गया। साथ ही डाटा इंट्री करने पर भी विशेष जोर दिया गया गया। उक्त प्रशिक्षण का संचालन महिला पर्यवेक्षिका सह मास्टर टैनर्स के डाटा किरण प्रसाद, कुमारी पूजा, निरूपा सिन्हा, अमृता सुमन, कुमारी अंजू, सुचिता वीणा सोरेन ने बीपसी निपीड लखनऊ से प्रशिक्षण प्राप्त करके अभी सेविकाओं को प्रशिक्षित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### उपायुक्त ने किया दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण



लोकतंत्र की आवाज
साहेबगंज । जिला दंडाधिकारी–सह–उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण किया गया। समहरणालय परिसर में उपायुक्त हेमंत सती के हाथों देर शाम समाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा 13 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। बताया गया कि जिला में 300 से अधिक दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण का लक्ष्य है। मौके पर सहायक निदेशक,जिला सामाजिक सुरक्षा अनिल कुमार व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### मोतिहारी: पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने की बड़ी कार्रवा-ई, रामगढ़वा से 5 और कल्याणपुर से 2 आर्केस्ट्रा संचालक भेजें गए जेल



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत
पूर्वी चंपारण। जिले के सभी ऑर्केस्ट्रा की सूची बनाई जा रही। तथा सभी का सत्यापन किया जा रहा। दूसरे राज्यों से आकर रह रही लड़कियों का सत्यापन किया जा रहा। जबरन काम कराने वाले और यौन शोषण की शिकायत आने पर संचालक भेजें जाएंगे जेल। दबाव में काम कर रही लड़कियों को मुक्त कराया जाएगा। ऐसी लड़कियां ऊं' 112, सम्बंधित थाना, थाने के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना प्रभारी या सीधे पुलिस अधीक्षक से सम्पर्क कर शिकायत कर सकती है। पहचान गुप्त रखी जाएगी। इसको लेकर आर्केस्ट्रा में काम कर रही महिलाओं को महिला पुलिस पदाधिकारी कर रहे हैं जागरूक। हाल ही में छपरा जिले में 30 ऑर्केस्ट्रा के लड़कियों को मुक्त कराया गया था। विगत दिनों में ऐसे मामले में कल्याणपुर और रामगढ़वा थाने में ऑर्केस्ट्रा संचालक सहित कई को जेल भेजा गया है।

### चंपई को कौन–सा भूत लगा...', ये क्या बोल गए हेमंत के विधायक महिला विधायक भड़कीं



लोक तंत्र की आवाज
रन्ना
झारखंड । झारखंड विधानसभा के अंतिम दिन गुरुवार को सदन में हंगामा हो गया। झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कुछ ऐसा कह दिया जिससे भाजपा की महिला विधायक नाराज हो गईं। उन्होंने हेमलाल मुर्मू को सदन में माफी मांगने के लिए कहा। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने हेमलाल मुर्मू की टिप्पणी को कार्यवाही से हटाने के निर्देश दिए जिसके बाद मामला शांत हुआ। नीरा आसन से हेमलाल मुर्मू को सदन में माफी मांगने के निर्देश देने की मांग कर रही थीं। उनका कहना था कि यह सही है कि जनादेश हमारे विरुद्ध है, लेकिन इतना भी नहीं कि सदन में हम महिला विधायकों को अपमानित होना पड़े। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो द्वारा हेमलाल मुर्मू की उक्त टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटाने के निर्देश देने के बाद ही नीरा यादव मानीं।

### रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में मारपीट, तीन लोग घायल

लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी
बलिया। रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानीपुर गांव में गुरुवार की शाम दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट में तीन लोग घायल है। इसमें एक युवक को गोली भी लगी है। सभी को सीएचसी रसड़ा से रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस मामले की जांच–पड़ताल में जुटी है। बताया जा रहा है कि सुल्तानीपुर गांव निवासी सत्यनारायण सिंह (55) खेत में बोरिंग करा रहे थे, तभी दूसरे पक्ष के राजू सिंह (36) पुत्र लल्लन सिंह से विवाद हो गया। इस दौरान हुई मारपीट में सत्यनारायण सिंह घायल हो गये, जबकि दूसरे पक्ष के राजू सिंह को गोली लगी है। राजू सिंह पक्ष के शेखर सिंह (40) भी मारपीट में घायल है।

### फर्जी नियुक्ति पत्र पर योगदान कराने पहुंचा युवक धराया

लोकतंत्र की आबाज
पूसा/ समस्तिपूर। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विवि में फर्जी नियुक्ति पत्र बांटने के आरोप में एक व्यक्ति को विवि प्रशासन ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान विवि प्रशासन ने युवक के पास से मोबाइल फोन, बाइक, फर्जी नियुक्ति पत्र की मूल प्रति, मुहर, आधार कार्ड, पैन कार्ड, सर्विस बुक, रजस्टिर आदि भी बरामद किया। मामले में विवि के प्रभारी पदाधिकारी (सुरक्षा) ने पूसा थानाध्यक्ष को आवेदन भी दिया है। सुरक्षा पदाधिकारी के हत्थे चढ़ा युवक जिले के वासुदेवपुर वार्ड–4 निवासी दिनेश प्रसाद का पुत्र अमित कुमार सुमंत बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बेरोजगार युवको से विवि में नौकरी के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर पैसा उगाही का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर एक युवक अन्य युवको के साथ विवि के ईख अनुसंधान संस्थान, पूसा में योगदान कराने पहुंचा था। शक होने पर सुरक्षा पदाधिकारी को सूचित किया गया। इस बीच युवक भाग निकला। हालांकि उसे बाद में पकड़ लिया गया। पूछताछ के क्रम में कई लोगों से मोटी रकम वसूले जाने की जानकारी सामने आई है।

# हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टिट्यूट की अत्याधुनिक डायलिसिस इकाई का बलिया में उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज़




घनश्याम तिवारी
**बलिया।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इब्राहिमपट्टी में जननायक चंद्रशेखर हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टिट्यूट की अत्याधुनिक डायलिसिस इकाई का उद्घाटन किया उन्होंने निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में भी बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि चंद्रशेखर के बगैर भारतीय राजनीति को पूर्ण नहीं माना जा सकता। चंद्रशेखर और बलिया एक दूसरे के पर्याय थे। पूरे भारत वर्ष में बलिया को स्थापित करने का कार्य किया।1980 के दशक में उन्होंने कल्पना की थी कि बलिया के हर किसी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले और उसी सोच के क्रम में उन्होंने जिला मुख्यालय से सुदूर अपने गांव में इस अस्पताल का निर्माण करवाया था। इस अस्पताल के आधारशिला में लोकनायक जयप्रकाश नारायण का नाम भी जुड़ा हुआ है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने पूरे प्रदेश के मुख्य सचिव होते हुए बलिया के इस अस्पताल को बेहतर स्वरूप में देखने की चिंता की, जिसके लिए वह भी धन्यवाद के पात्र हैं। अस्पताल संचालक का जिम्मेदारी उठाने वाले डॉक्टर संजय सिंह से कहा कि बलिया के ऐतिहासिक धरती के लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो ,इसका पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए। हर गरीब, किसान और बहन–बेटियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाए। सरकार ने जनता के लिए सारी व्यवस्था दी है। यहां भी स्वास्थ्य सुविधा ऐसी हो कि पूरे देश में इसका संदेश जाए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रेगनेंसी के दौरान बहनों को तीन या चार बार अल्ट्रासाउंड के लिए जाना पड़ता है। इसको देखते हुए सरकार ने यह भी व्यवस्था दी है कि सरकारी के अलावा प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर पर भी निःशुल्क अल्ट्रासाउंड होगा। नवजात शिशु के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिले पर व्यवस्था है। इसके अलावा हर सीएससी, पीएचसी तथा सब–सेंटर पर टीकाकरण सहित जच्चा–बच्चा की की सारी सुविधाएं हैं।

**उप मुख्यमंत्री जी ने बेहतर स्वास्थ्य के दिये टिप्स :** उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले हमें इस बात का ध्यान रखना है कि हम बीमार पड़े ही ना। इसके लिए किसी भी ऐसे पेय पदार्थ को नहीं लेना है या ऐसा कुछ नहीं खाना है, जिसका नुकसान हमारे शरीर पर पड़े। लगभग 40–50 मिनट योग–व्यायाम को अपनी दैनिक दिनचर्या में जरूर शामिल करें। आवश्यकता से अधिक भोजन न लें और पर्याप्त पानी पिएं। लोगों से यह भी आवाह्न किया कि अपने दांतों को सुरक्षित रखने पर भी विशेष ध्यान दें। इसके लिए सुबह के अलावा रात को भी दांतों की सफाई करके ही सोएं।

**उप मुख्यमंत्री जी ने अस्पताल परिसर में किया वृक्षारोपण:** उप मुख्यमंत्री का जनपद आगमन पर स्वागत पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार, पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर तथा निदेशक डा.संजय सिंह सहित अन्य गणमान्य ने किया। कार्यक्रम को पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री जननायक चंद्रशेखर जी सपना था कि हम अपने गांव में एक बड़ा हॉस्पिटल बनाएं। उन्होंने अस्पताल को संचालित करने में अहम भूमिका निभाने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री तथा पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण किया। इस मौके पर पूर्व विधायक धनंजय कनौजिया, डा. सुषमा शेखर, डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार,एसपी विक्रांत वीर आदि मौजूद रहे।

## फाइनल मुकाबला में नरहट ने पतरोल की टीम को हराया



लोक तंत्र की आवाज

**नरहट (नवादा)।** डॉ. भीम राव अम्बेडकर फुटबॉल स्टेडियम कोनीबर के मैदान में गुरुवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मैच पतरौल बनाम नरहट के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पतरौल की टीम ने 14 ऑवर में 220 रन बना कर नरहट की टीम को 221 रनो का लक्ष्य दिया। पतरौल के तरफ से शानदार पारी खेलते हुए अकेले युराज ने 93 रन बनाया। वहीं बलजीत ने सर्फ़ 06 गेंदों में 25 रन बनाये। पतरौल के अन्य खेलाडियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

नरहट टीम के कैप्टन अजित ने 220 रनो के लक्ष्य को भेदने के लिए सलामी जोड़ी के रूप में सुमन सौर्या और गौरव को भेजा। सुमन सौर्या ने 42 रनों के निजी स्कोर पर अपना विकेट गवा बैठे।

नरहट की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 13 ऑवर 3 गेंद में 4 विकेट खोकर 221 रन बना कर मैच में जीत हासिल कर लिया।

इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि बहुजनों के नेता निशिकांत सिन्हा व खनवाँ पंचायत के मुखिया उमेश राम और नरहट पंचायत के मुखिया एहतेशाम उर्फ गुड्डु मौजूद थे।उपविजेता टीम पतरौल को उमेश राम व गुड्डु मुखिया ने सम्मानित किया वहीं विजेयता टीम को निशिकांत सिन्हा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष रंजीत कुमार चौधरी व खनवाँ पंचायत जागरण क्लब के पंचायत अध्यक्ष मुकेश संगम शामिल रहे। अतिथि निशिकांत सिन्हा ने खिलाडियों को उत्साहित किया और खेल के क्षेत्र में खिलाडियों को शुभकामनाएँ दिए।

इस टूर्नामेंट का आयोजन मोहनी और बालजीत तथा इनके सहयोगियों द्वारा आयोजित किया गया था। उपस्थित काफी संख्या में खेल प्रेमियों ने खेल का आनंद उठाया और खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया।

## अधिकारियों की उपस्थिति में अतिक्रमण हटा

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी
**बलिया।** गुरुवार को प्रातः 11 बजे से अतिक्रमण अभियान जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगरपालिका प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा चलाया गया अभियान मालगोदम तिराहा से एल आई सी रोड पर आदित्य विजन तिराहा तक सड़क के दोनों तरफ पटरी पर किये गये अस्थाई अवैध अतिक्रमण को अर्थदण्ड लगाते हुए हटवाया गया। पटरी पर खड़े वाहनों का चालान पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया तथा हटवाया गया।

पटरी पर लगे ठेला या खोमचा को हटवाया गया। साथ ही यह चेतावनी दी गयी कि अपने निजी भूमि पर ही दुकान लगाकर अपना व्यापार करें। सभी दुकानदारों से अपने समक्ष नो पार्किंग जोन का नोटिस लगाने और वाहनों को सड़क से कम से कम 2 मीटर छोड़कर ही पार्किंग करने के लिए अपील की गई । अपील के अनुपालन में कुछ दुकानदारों द्वारा तत्काल नो पार्किंग जोन का स्टीकर लगाया गया। अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद, बलिया द्वारा अर्थदण्ड के रूप में 18500 रूपये कुल 9 अतिक्रमणकारियों से वसूली की गई। जिसमें डिप्टी कलेक्टर अभिनेंद्र अवर अभियन्ता न0पाप0 शशि प्रकाश, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अहमद नदीम, लिपिक अभिनव कुमार, भारत भूषण, श्री अनिल राम, राहुल मिश्र, संतोष पांडे आदि सम्मिलित थे।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष पत्नी और ससुराल के लोगों से तंग आकर ली आत्महत्या

लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर।** जिले के पुसा प्रखंड के वैनी पुसारोड बाजार निवासी एवं बेंगलुरु में कार्यरत सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष के सुसाइड प्रकरण में लगातार नए नए खुलासे हो रहे हैं। मृतक इंजीनियर अतुल सुभाष के चचेरे भाई बजरंग अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2019 में इंजीनियर अतुल सुभाष और उनकी पत्नी निकिता की मुलाकात शादी डॉट कॉम के एक मैरेज वेबसाइट के जरिये हुई थी। उन्होंने बताया कि इंजीनियर अतुल सुभाष ने शादी के लिए वेबसाइट पर अपना बायोडाटा और फोटो डाला जिसके बाद उत्तर प्रदेश के जौनपुर की रहने वाले निकिता से उसका संपर्क हुआ तथा दोनों में बातचीत होने लगी। बात जब आगे बढ़ी तो दोनों पक्ष के परिवार से जुड़े लोग हिंदू रीति रिवाज से दोनों की शादी विधिवत करा दी। शादी का दिन व तारीख तय होने के बाद पुसारोड से बारात बनारस गई।

वहां पूरे धूमधाम से शादी हुई। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों से अतुल सुभाष अपनी पत्नी को लेकर मानसिक रूप से परेशान रहता था। उन्होंने बताया कि अतुल सुभाष ने पत्नी से चल रहे विवाद की कुछ जानकारी उनके साथ भी शेयर की थी। उन्होंने कहा की अतुल सुभाष के साथ हुए इस अप्रिय घटना की जानकारी सबसे पहले मृतक अतुल सुभाष के मां- पिताजी को हुई जिसके बाद माता-पिता और परिवार के लोग बेंगलुरु के लिए निकल पड़ें। उन्होंने बताया की मृतक अतुल सुभाष की पत्नी निकिता भी शुरुआत में बेंगलुरु में ही जॉब करती थी। निकिता अपने पति और उसके परिवार से अत्यधिक स्वतंत्रता चाहती थी जो पति-पत्नी के बीच उत्पन्न हुए विवाद का मुख्य जड़ था। इसी बीच निकिता ने करीब फरवरी 2021 में एक बच्चें को जन्म दिया और साल 2022 से पति पत्नी के बीच विवाद बढ़ता चला गया। बच्चे को जन्म देने के बाद निकिता इंजीनियर अतुल सुभाष को छोड़कर अपने मायके जौनपुर जाकर वही रहने लगी। वहां जाकर उसने अतुल सुभाष पर मेंटेनेंस खर्च देने के लिए पहला केस कोर्ट में दर्ज करा दिया। बाद में कोर्ट के आदेश पर अतुल सुभाष ने अपनी पत्नी निकिता को 40 हजार रुपए प्रति माह देना शुरू कर दिया।

हालांकि निकिता का मन इतने से नही भरा और वह अतुल सुभाष से 2 लाख रूपये प्रति माह मेंटेनेंस खर्च देने की मांग करने लगी। अतुल सुभाष ने जब 2 लाख रुपए मेंटेन्स खर्च देने में असमर्थता जाहिर की तो उसकी पत्नी निकिता ने पिछले कुछ सालों में एक एक कर विभिन्न आरोप लगाते हुए कुल 9 केस अपने पति अतुल सुभाष पर ठोक दिए। बाद में अतुल नौकरी करते हुए तारीख पर तारीख जौनपुर न्यायालय का चक्कर लगाता रहा। अंत में कई सालों तक न्यायालय में खुद को न्याय न मिलता देख अतुल सुभाष ने सुसाइड करने का प्लान बना लिया तथा अपनी जीवन लीला ही समाप्त कर ली। मृतक अतुल सुभाष के परिजनों और पड़ोसियों ने इस मामले में जिन पांच लोगों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है उन सबकों फांसी की सजा मिले ऐसी मांग की है।

**बहुत ही अच्छा व हंसमुख मिजाज का था मृतक अतुल सुभाष :** मृतक अतुल सुभाष के साथ बचपन में क्लास 1 से 7 तक कि पढ़ाई करने वाले उसके अजीज दोस्त पुसारोड निवासी संत सुमन ने बताया कि मृतक अतुल सुभाष बहुत ही अच्छे विचार का लड़का था। अतुल सुभाष ने अपने बचपन की पढ़ाई पुसारोड स्थित एक प्राईवेट स्कूल और केंद्रीय विद्यालय पुसा से की। बाद में वह आगे की पढ़ाई करने के लिए दिल्ली चला गया।

**पोते से आज तक नही मिल पायें है उसके दादा दादी:** मृतक अतुल सुभाष सुसाइड प्रकरण मामले में जानकारी देते हुए उनके चचेरे भाई बजरंग अग्रवाल ने बताया की मृतक के 4 वर्षीय बेटे को मृतक अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया ने आज तक उसके दादा, दादी, चाचा या परिवार के कोई अन्य सदस्यों से मिलने नही दिया हैं। दादा-दादी ने कई बार बच्चें से मिलने की इच्छा जताई लेकिन निकिता ने बच्चें को उसके दादा दादी से नही मिलने दिया। मृतक के चचेरे भाई बजरंग अग्रवाल ने यह भी बताया की उनके भाई अतुल सुभाष ने अपनी पत्नी व सास को मकान खरीदने के लिए एक बार 20 लाख रुपए तथा अन्य मदों में भी 20 लाख रुपए से ज्यादा दिए थे।

## बनियाबदलपुर गांव में श्रीराममहायज्ञ के लिए हुआ ध्वजारोहण, 1 से 9 तक होगा आयोजन

लोक तंत्र की आवाज



**नरहट (नवादा)।** नरहट प्रखण्ड के बनियाबदलपुर दुर्गा मंडप के मैदान में एक मार्च से 9 दिवशीय श्रीराममहायज्ञ सह मां दुर्गा का प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ के लिए गुरुवार को पूरे विधि विधान से गाजे बाजे के साथ ध्वजारोहण किया गया। अयोध्या झुकी किला से पधारे झुनकी पीठाधीश्वर करुणा निधान शरण जी महाराज के सानिध्य में विद्वान ब्राह्मण शिवनन्दन पांडेय और अरुण पांडेय द्वारा पूरे विधि विधान है पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण कराया गया।

गाजे बाजे के साथ जय श्री राम जय जय श्री राम का जय घोष करते हुए काफी संख्या में ग्रामीणों ने गांव भर्मण कर चारों दिशाओं में ध्वजारोहण किया गया। ग्रामीण सह सैदापुर पैक्स अध्यक्ष ने बताया कि यज्ञ की भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। बनियाबदलपुर गांव एवं आस पास के गांवों को यज्ञ की सफलता में तन मन धन से जुट गए हैं। यज्ञ को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। यज्ञ का आयोजन एक मार्च से 9 मार्च तक होगा। 10 मार्च को विशाल भंडार का आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर सुरेश सिंह, शिवनन्दन प्रसाद, रणजेश कुमार उर्फ चेयरमैन साहब, नवल सिंह, शर्मा जी, पवन, दीपू आदि मौजूद थे।

### पूसा के प्लेटफार्म एक का होगा विस्तारिकरण, यात्रियों को होगी सुविधा

लोकतंत्र की आबाज
पूसा/समस्तीपूर। खुदीराम बोस पूसा स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या एक का विस्तारीकरण शुरू हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व के प्लेटफार्म से करीब 150 मीटर और बढ़ाया जा रहा है। जिससे ट्रेन के इंजन से लेकर बॉगी तक का ठहराव प्लेटफार्म पर ही हो सके। इसका सीधा लाभ पैसेंजर को मिलेगा। जिन्हें सबसे पीछे बॉगी में चढ़ने के लिए प्लेटफार्म से करीब 4 फीट नीचे जाना पड़ता था। लेकिन इस सुविधा से यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इसके अलावा सब्जी कारोबारियों को भी ट्रेन में सामान रखना आसान होगा।

## बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े से पंडित अजय कुमार झा की शिष्टाचार भेंट, बिहार की राजनीतिक स्थिति पर की चर्चा

लोक तंत्र की आवाज



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार बीजेपी के प्रभारी विनोद तावड़े जी से भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और परशुराम परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अजय कुमार झा ने बीजेपी के केंद्रीय कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात में बिहार राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर गहन चर्चा हुई, जिसमें राज्य की राजनीति की विभिन्न पहलुओं और आगामी चुनावों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह तथा फिल्म उद्योग के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक फूल सिंह जी भी उपस्थित रहे। पंडित अजय कुमार झा ने बिहार की राजनीति में बीजेपी की भूमिका और बिहार के विकास में पार्टी की योजनाओं के महत्व पर जोर दिया। बैठक के दौरान बिहार में राजनीतिक स्थिति को लेकर सभी ने अपने-अपने विचार साझा किए और राज्य में पार्टी के आगामी प्रयासों के बारे में चर्चा की। यह मुलाकात बिहार बीजेपी के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मंडल कारा दिवस समारोह में शामिल हुए डीएम-एसपी

- न्याय व्यवस्था का उद्देश्य है, बंदियों के जीवन को बेहतर बनाना : डीएम





लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार
**नवादा।** गुरुवार को मंडल कारा नवादा में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के संयुक्त नेतृत्व में कारा दिवस एवं बंदी दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि न्याय व्यवस्था के मुख्यतः तीन उद्देश्य होते हैं- पहला उद्देश्य है अगर किसी ने कुछ गलती की है तो उस गलती की मात्रा के अनुसार सजा हो ताकि जिनके विरूद्ध गलती की गयी है, उनको न्याय मिले।

दूसरा उद्देश्य होता है, समाज में डिटरेंस पैदा करना ताकि अन्य लोग गलती करने से बचे। तीसरा उद्देश्य होता है सुधार, इसके अन्तर्गत सजा प्राप्त बंदियों के जीवन में सकारात्मक सुधार लाना। जैसे-उनके सोंच को सकारात्मक बनाना, प्रशिक्षण प्रदान करना, पढ़ाई-लिखाई आदि पर ध्यान देना। अर्थात् एक बेहतर इंसान बनाना ताकि वह यहां से जब बाहर निकले तो बदले हुए व्यक्तित्व के साथ निकले एवं वह अपने और अपने परिवार के लिए अच्छा सोंच सके और जीवन में बदलाव ला सके। हमारे सभी कारा गृहों का प्रमुख उद्देश्य सुधारात्मक ही है ।

इस अवसर पर बंदियो के लिए संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बंदियो को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य एवं सकारात्मक सोच बढ़ाने के लिए जेल प्रीमियर लीग का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बंदियों के पांच टीम बनाई गई और उनके बीच में लगातार टी-20 मैच का आयोजन किया जाएगा तथा टूर्नामेंट का फाइनल जनवरी 2025 के अंतिम सप्ताह में आयोजन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कारा के अंदर वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया।

जिला पदाधिकारी ने संपूर्ण कारा का निरीक्षण किया एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से कारा में जो भी कमियां पाई गई उसे जल्द से जल्द दूर करने का निर्देश कारा अधीक्षक को दिया गया। संपूर्ण कारा के निरीक्षण के बाद जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जेल की व्यवस्था एवं साफ सफाई की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल श्रीकृष्ण मोहन, कार्यपालक अभियंता विद्युत, उपाधीक्षक वीरेंद्र कुमार राय, सहायक अधीक्षक राजेश कुमार, नंदू चौधरी, रिंकी कुमारी, सुशील कुमार एवं अन्य कारा कर्मी मौजूद थे।